संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 233 बुधवार 25 जून 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## महत्वपूर्ण खबर

## रेलवे का किराए में बढ़ोत्तरी का ऐलान किया गया



**नई दिल्ली,24 जून 2025(ए)।** रेल यात्रियों के लिए एक अहम खबर सामने आई है. भारतीय रेलवे 1 जुलाई 2025 से नया किराया टैरिफ लागू करने जा रही है। यह बदलाव आम यात्रियों के साथ-साथ लंबी दूरी की यात्रा करने वालों की जेब ढीली करेगा। हालांकि, राहत की बात यह है कि कुछ कैटेगिरी में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। रेलवे के नए टैरिफ के अनुसार,सामान्य द्वितीय श्रेणी में 500 किलोमीटर तक यात्रा करने पर कोई वृद्धि नहीं होगी। लेकिन अगर यात्रा 500 किलोमीटर से ज्यादा की है तो प्रति किलोमीटर आधा पैसा अतिरिक्त देना होगा।

## 120 रुपये लीटर तक पहुंच सकती है पेट्रोल की कीमत




### ईरान की चेतावनी से बढ़ा तेल संकट

**नई दिल्ली,24 जून 2025(ए)।** भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भारी उछाल का खतरा मंडरा रहा है। वजह ईरान ने दुनिया के सबसे अहम तेल ट्रांजिट पॉइंट स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ को बंद करने की चेतावनी दी है। अगर यह समुद्री रास्ता बंद होता है, तो भारत में पेट्रोल 120 रुपये लीटर या उससे भी ऊपर जा सकता है।

## एलआईसी हाउसिंग ने घटाई होम लोन दरें



**नई दिल्ली,24 जून 2025(ए)।** भारत में घर खरीदने का सपना अब और करीब आता दिख रहा है। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने होम लोन पर ब्याज दरों में 0.50त्न की बड़ी कटौती का ऐलान किया है। अब नया होम लोन महज 7.50त्न सालाना ब्याज दर पर मिलेगा। यह फैसला भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो रेट 6.00 प्रतिशत से घटाकर 5.50 प्रतिशत किए जाने के बाद लिया गया है। इस कदम से लाखों मौजूदा और नए ग्राहकों को राहत मिलने की उम्मीद है।

## मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने दिया सख्त आदेश



### दुष्कर्म पीड़िता के बच्चे पर अब होगी सरकार की जिम्मेदारी

**जबलपुर,24 जून 2025(ए)।** दुष्कर्म पीड़िता की गर्भावस्था 30 सप्ताह से अधिक होने के बाद भी पैरेंट्स बेटी का गर्भपात करवाना चाहते हैं। इस मामले को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने गंभीरता से लिया है। हाई कोर्ट ने गर्भपात के संबंध में अशिक्षित माता-पिता तथा पीड़िता की फिर से काउंसलिंग करने के आदेश जारी किए हैं। हाईकोर्ट जस्टिस विशाल मिश्रा ने अपने आदेश में कहा है महिला न्यायिक अधिकारी डॉक्टरों की टीम और सीडब्ल्यूसी के एक सदस्य के साथ माता-पिता को समझाएं। इस मामले में सरकार की तरफ से बताया गया माता-पिता की सहमति में यह साफ नहीं है कि पीड़िता तथा भ्रूण के जीवन को होने वाले खतरे की जानकारी होने के बावजूद वे गर्भपात कराना चाहते हैं। माता-पिता दूरदराज के गांव से हैं और अशिक्षित होने के कारण सभी पहलुओं से अवगत नहीं हैं। सक्षम अधिकारियों द्वारा माता-पिता और पीड़िता की पुनः काउंसलिंग करवाई जाए.

# मोदी सरकार की विदेश नीति पूरी तरह फेल

## यूएस ट्रैवल एडवाइजरी पर कांग्रेस ने मोदी सरकार को खूब सुनाया....




**नई दिल्ली,24 जून 2025 (ए)।** अमेरिका की तरफ से भारत यात्रा को लेकर जारी की गई नई ट्रैवल अडवाइजरी पर कांग्रेस ने मोदी सरकार पर बड़ा हमला बोला है। कांग्रेस प्रवक्ता पार्टी की सोशल मीडिया टीम की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि यह मोदी सरकार की विफल विदेश नीति का नतीजा है कि आज भारत जैसे देश के लिए अमेरिका अडवाइजरी जारी कर रहा है। वहीं, पाकिस्तान जैसे देश को दावतें दी जा रही हैं।

### मोदी सरकार की विदेश नीति पर सवाल

कांग्रेस ने सवाल उठाया कि 11 साल में नरेंद्र मोदी ने विदेश नीति के नाम पर केवल अपनी छवि चमकाई, लेकिन जब आज भारत को विश्व मंच पर मित्र देशों की जरूरत है,तो अमेरिका भारत के खिलाफ सलाह जारी कर रहा है कि महिलाएं अकेले भारत ना आएं। सुप्रिया का कहना था कि अमेरिका ने अपने लोगों से कहा है कि भारत में अपराध और रेप जैसी घटनाओं की वजह से महिलाएं भारत की अकेले यात्रा करने में सावधानी बरतें। वहीं उनका कहना था कि अमेरिका ने अपने सरकारी अधिकारियों के लिए भी बिना इजाजत भारत आने पर रोक लगाई है। इससे देश की छवि को नुकसान होगा, टूरिज्म प्रभावित होगा और निवेश भी घटेगा।

श्रीनेत ने तंज कसते हुए कहा कि मोदी जी ने तो 'हाउडी मोदी', 'नमस्ते ट्रंप' जैसे इवेंट कराए थे, ट्रंप के लिए नारे लगवाए थे, लेकिन वही अमेरिका आज भारत के लिए ऐसी अडवाइजरी जारी कर रहा है। सुप्रिया ने कटाक्ष करते हुए निशाना साधा कि मोदी जी कैमरे का एंगल ढूंढने में लगे रहे, विदेश मंत्री सोशल मीडिया पर व्यस्त रहे और देश की विदेश नीति की कलई खुल गई।

### चुप बैठी है मोदी सरकारःसुप्रिया श्रीनेत

सुप्रिया श्रीनेत ने यह भी कहा कि भारत के खिलाफ तो एडवाइजरी जारी हो रही है लेकिन पाकिस्तान, जहां आतंकवाद पनपता है, वहां के लिए कोई नई एडवाइजरी नहीं आई। पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर को अमेरिका दावतें दे रहा है और भारत को चेतावनी। उन्होंने कहा कि अमेरिका बार-बार भारत की छवि खराब कर रहा है और मोदी सरकार चुप बैठी है।महिला अपराधों को लेकर भी कांग्रेस ने सरकार पर हमला बोला। सुप्रिया ने कहा कि देश में हर घंटे 43 महिलाओं के खिलाफ अपराध होते हैं। यूपी, बिहार, ओडिशा से लेकर दिल्ली तक रोज नए मामले सामने आ रहे हैं। लेकिन सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है। सुप्रिया ने मांग की कि भारत सरकार इस मुद्दे को अमेरिकी सरकार के सामने मजबूती से उठाए और देश की छवि को बचाए।

### चीन की बी टीम है आसियान?

कांग्रेस ने आसियान को लेकर भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री के हालिया बयान को लेकर निशाना साधा। गौरतलब है कि भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गायेल ने आसियान देशों को चीन की बी टीम करार दिया, जिस पर खासा विवाद हो गया। आसियान देशों ने भी इस टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया दी है और भारतीय मंत्री के बयान पर नाराजगी जताई है। इससे भारत की विदेश नीति और कूटनीति को एक झटका लगा है।

इसे लेकर कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भारत और आसियान देशों के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक, व्यापारिक और राजनीतिक रिश्ते रहे हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया के 10 देशों का यह समूह (ब्रूनेई, कंबोडिया,इंडोनेशिया,लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर,थाईलैंड और वियत नाम) करीब 60 साल से अस्तित्व में है।

## करोड़ों का आसामी निकला प्रोजेक्ट इंजीनियर

### घर पर लोकायुक्त ने छापा मारकर भारी मात्रा में सोना-चांदी बरामद की



**बेलगावी,24 जून 2025(ए)।** कर्नाटक के बेलगावी में एक धनकुबेर इंजीनियर का भंडाफोड़ हुआ है। लोकायुक्त ने इस इंजीनियर के घर पर छापा मारा था, जिसमें भारी मात्रा में सोना और चांदी बरामद हुआ है। इसके अलावा बड़ी संख्या में संपत्ति के कागज बरामद किए गए हैं। प्रोजेक्ट इंजीनियर के आवास पर लोकायुक्त के छापे में भारी मात्रा में संपत्ति मिली है। एक बड़ी कार्रवाई में, लोकायुक्त अधिकारियों ने बेलगावी के रामतीर्थ नगर में मुख्य अभियंता अशोक वलसंड के आवास पर छापा मारा। छापे की कार्रवाई धारवाड़ में भी उनके आवास पर की गई।तलाशी के दौरान, अधिकारियों ने लगभग ₹92.7 लाख मूल्य का 1 किलो 80 ग्राम सोना बरामद किया और लगभग ₹3.96 लाख मूल्य की 3.5 किलोग्राम चांदी बरामद की। इसके अलावा ₹1.5 लाख रुपए नकद मिले हैं। बड़ी संख्या में संपत्ति के दस्तावेज और संपत्ति के कागजात को बरामद किया गया है। लोकायुक्त टीम छापे के दौरान जब्त ि ए गए प्रत्येक दस्तावेज और वस्तु की सावधानीपूर्वक जांच कर रही है।



## ट्रंप ने किया ईरान-इजराइल सीजफायर ऐलान

### लोगों को बंकर से बाहर आने की मिली इजाजत

**तेहरान/तेल अवीव,24 जून 2025 (ए)।** इजरायल और ईरान के बीच 12 दिन से चली आ रही जंग आखिरकार अब थम चुकी है। इसे लेकर शुरुआती कन्फ्यूजन के बाद ईरान के सरकारी टेलीविजन ने सीजफायर लागू होने का ऐलान कर दिया है। ईरानी सरकारी टेलीविजन ने मंगलवार को बताया कि इजरायल के साथ युद्ध में संघर्ष विराम शुरू हो गया है, जबकि इजरायल ने भी अब ईरानी हमले को लेकर जारी अलर्ट हटा लिया है और लोगों को बंकर से बाहर आने की इजाजत मिल गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान और इजराइल के बीच सीजफायर का ऐलान कर दिया। हालांकि ट्रंप के इस ऐलान के बाद इराक में मौजूद एक मिलिट्री बेस पर हमले की खबर सामने आ रही है। इसकी जानकारी इराकी आर्मी के एक अधिकारी ने दी। इराकी सेना के एक अधिकारी ने बताया कि बगदाद के उत्तर में स्थित सैन्य अड्डे, कैंप ताजी, पर एक अज्ञात ड्रोन से हमला किया गया। हालांकि इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अब तक इस हमले की जिम्मेदारी किसी भी संगठन ने नहीं ली है। यह घटना ऐसे समय पर हुई है जब डोनाल्ड ट्रंप क्षेत्र में शांति स्थापित करने और युद्धविराम करवाने की कोशिश कर रहे हैं।

## यात्रा से पहले पुरी के जगन्नाथ मंदिर में चोरी

### क्या ये कोई बड़े खतरे का संकेत?



**पुरी,24 जून 2025(ए)।** रथ यात्रा से पहले पुरी के जगन्नाथ मंदिर में घटी एक और घटना! जगन्नाथ, बलराम, सुभद्रा की औषधियां चोरी हो गईं! जगन्नाथ मंदिर के एक वरिष्ठ सेवक खुद इस बात की शिकायत कर रहे हैं। सेवक ने मंदिर प्रशासन से लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जगन्नाथ मंदिर के इतिहास में यह पहली घटना है। सेवक का दावा है कि यह सबसे बडा अपराध है ये क्षमायोग्य नहीं है।पुरी मंदिर के गार्ड रूम में देवताओं के लिए औषधियां रखी जाती हैं। वहां दशमूल मोदक (विशेष हर्बल औषधि) रखी जाती है। सेवक हलधर दासमहापात्रा ने आरोप लगाया कि उस कमरे से 70 मोदक चोरी हो गए। उन्होंने इस संबंध में सोमवार को लिखित शिकायत दर्ज कराई।

## दादी को पोते ने कूड़े में फेंका



**मुंबई,24 जून 2025(ए)।** मुंबई के गोरेगांव में एक परेशान करने वाले मामले में एक बुजुर्ग महिला कूड़े के ढेर पर पड़ी मिली. कैंसर से पीडित महिला को कथित तौर पर उसके पोते ने कूड़े में फेंक दिया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और साठ वर्षीय महिला के परिवार की तलाश शुरू कर दी है। यह घटना शनिवार को सामने आई। यह दर्दनाक मामला शनिवार सुबह तब सामने आया,जब आरे कॉलोनी इलाके में सड़क किनारे एक कचरे के ढेर पर बेहद कमजोर हालत में पड़ी एक बुजुर्ग महिला को किसी राहगीर ने देखा और पुलिस को सूचना दी।

## माता वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन के बाद आवाजाही प्रभावित,बैटरी कार सेवा स्थगित



**रियासी,24 जून 2025(ए)।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में माता वैष्णो देवी मंदिर के लिए बनाया गया नया हिमकोटि मार्ग सोमवार को तेज बारिश की वजह से भूस्खलन की चपेट में आ गया। इसका असर मंगलवार को भी दिखा। रास्ते में मिट्टी और पत्थरों से श्रद्धालुओं को आने-जाने में समस्या हुई। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन बैटरी कार की सेवा स्थगित कर दी गई है। श्राइन बोर्ड के कर्मचारी पुलिस और प्रशासन की मदद से मार्ग को सुचारू कर रहे हैं। नए मार्ग पर विपदा आने के बाद तीर्थ यात्रियों को पुराने मार्ग पर भेज दिया गया है। यहां से मंदिर तक के लिए यात्रा जारी है। नए हिमकोटि मार्ग पर सत्या व्यू प्वाइंट के निकट मार्ग पर भूस्खलन तब हुआ, जब क्षेत्र में तीर्थयात्रियों की आवाजाही नहीं थी। इससे बड़ा हादसा टल गया। भूस्खलन का मलबा 30 फीट से अधिक मार्ग पर फैला हुआ है। मार्ग की सफाई के बाद बैटरी कार सेवा को बहाल किया जाएगा।

## शुभांशु शुक्ला आज जाएंगे अंतरिक्ष यात्रा पर



**फ्लोरिडा,24 जून 2025 (ए)।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रूप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को स्पेस में ले जाने वाले मिशन को लेकर अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगलवार को बड़ा अपडेट दिया। नासा ने बताया कि एक्सिओम-4 मिशन के लिए प्रक्षेपण अब 25 जून को होगा। नासा के एक बयान में कहा गया, ''नासा, एक्सिओम स्पेस और स्पेसएक्स ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए चौथे निजी अंतरिक्ष यात्री मिशन 'एक्सिओम मिशन 4' के प्रक्षेपण के लिए बुधवार 25 जून को तड़के का लक्ष्य निर्धारित किया है।

## जहरीली गैस 5 ग्रामीणों की मौत



**गुना,24 जून 2025 (ए)।** मध्यप्रदेश के गुना जिले के धरनावदा गांव में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया। कुएं में जहरीली गैस के रिसाव के कारण पांच ग्रामीणों की मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब ग्रामीण कुएं में फंसी एक गाय को निकालने के लिए एक-एक करके कुएं में उतरे, लेकिन जहरीली गैस की चपेट में आने से उनकी जान चली गई।प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, धरनावदा गांव में सुबह करीब 10 बजे एक गाय कुएं में गिर गई। गाय को बचाने के लिए पहले एक ग्रामीण कुएं में उतरा,लेकिन वह बाहर नहीं निकला। उसे बचाने के लिए अन्य ग्रामीण एक के बाद एक कुएं में उतरते गए। कुएं में मौजूद जहरीली गैस,संभवतः मीथेन या कार्बन मोनोऑक्साइड, की वजह से सभी बेहोश हो गए और उनकी दम घुटने से मौत हो गई। कुल पांच ग्रामीण इस हादसे का शिकार हुए।

## पानी के अंदर लगेगा स्मार्ट सेंसर

### सुनामी और भूकंप का पता चलेगा



**नई दिल्ली,24 जून 2025(ए)।** सुनामीऔर भूकंप का पहले से पता लगाने के लिए भारत एक बड़ी योजना पर काम कर रहा है। इसके तहत एक स्मार्ट सेंसर बनाया जा रहा है, जो हिंद महासागर में 275 किलोमीटर लंबे केबल के साथ पानी के अंदर सुनामी और भूकंप पूर्व चेतावनी प्रणाली को विकसित करेगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, यह प्रणाली कामयाब हुई तो भूकंपीय गतिविधि, पनडुब्बी भूस्खलन और गहरे समुद्र के खतरे का पता लगाने का तरीका बदल देगा। रिपोर्ट के मुताबिक, यह योजना अभी प्रस्ताव के लिए अनुरोध के चरण में है। इस पर हैदराबाद का भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (इनकॉइस) काम कर रहा है। इनकॉइस के निदेशक टीएम बालकृष्णन नायर कहते हैं कि अभी इस क्षेत्र की निगरानी सुनामी बुओ से होती है, लेकिन डाटा इनकॉइस में भारतीय सुनामी प्रारंभिक चेतावनी केंद्र को भेजा जाता है। नायर कहते हैं कि बुओ को बनाए रखना चुनौतीपूर्ण है, इसलिए यह प्रणाली अधिक विश्वसनीय होगी।

पानी के अंदर सेंसर युक्त संचार केबल को अंडमान द्वीप समूह से भूकंपीय रूप से सक्रिय अंडमान-निकोबार सब-डक्शन जोन तक हिंद महासागर में 2,500 मीटर की गहराई तक बिछाया जाएगा। केबल में बॉटम प्रेशर रिकॉर्डर, सीस्मोमीटर, टिल्ट मीटर और हाइड्रोफोन युक्त सेंसर का सेट होगा,जिससे भूकंपीय गतिविधि,समुद्र के नीचे भूस्खलन और अचानक दबाव में बदलाव की निगरानी होगी। अंडमान द्वीप में तटीय स्टेशन भी बनेगा और अलर्ट के लिए संचार केबल हैदराबाद में डेटा प्रोसेसिंग सेंटर से जुड़ेगा।

## महाराष्ट्र में 5 महीने में 30,000 से अधिक लोग लापता,मुंबई में सबसे ज्यादा




**मुंबई,24 जून 2025(ए)।** महाराष्ट्र में अचानक लापता होने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पिछले 5 महीने में पूरे राज्य में 30,000 से अधिक लोग लापता हो गए हैं। पुलिस के आंकड़ों के हवाले से पता चला है कि लापता होने वालों में राज्य में मुंबई सबसे आगे है, जहां जनवरी से मई के बीच में 3,475 लोग गायब हुए हैं, जो कुल मामलों का 10 प्रतिशत से अधिक है। यह आंकड़े पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य में पिछले 5 महीने में 30,113 लोग, यानी रोजाना औसतन 200 लोग गायब हो रहे हैं। लापता लोगों के मामले में मुंबई के बाद दूसरे स्थान पर ठाणे हैं, जहां 5 महीन में 2,003 लोगों की गुगशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। यहां अक्सर लापता व्यक्तियों की संख्या ज्यादा होती है। इसके बाद अहिल्याबाई नगर है, जो आबादी में बेहद कम है। यहां 1,411 गुमशुदगी के मामले दर्ज हैं। सबसे अधिक गुमशुदगी के मामले मुंबई, ठाणे और अहिल्याबाई नगर के बाद पुणे और नासिक ग्रामीण में हैं। पुणे में 1,364 और नासिक में 1,338 लापता व्यक्ति हैं। ये राज्य के शीर्ष-5 शहर हैं, जहां लापता व्यक्तियों की संख्या अधिक है। लापता कुल 30,113 लोगों में 12,467 पुरुष और 17,646 महिलाएं हैं। इसमें नाबालिग शामिल नहीं है क्योंकि उनको अपहरण में दर्ज किया जाता है। फरवरी में लापता लोगों की संख्या कम है, जबकि मार्च में 17 प्रतिशत बढ़ी है।

## संपादकीय

### आतंकवाद समूची दुनिया के लिए जबरदस्त चुनौती

यूरोप के दौरे पर गए वित्त मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को चेताया है कि भारत को आतंकवादी हमलों के जरिए उकसाया गया तो हम पाकिस्तान के भीतर जाकर हमला करने में हिचकिचाएंगे नहीं। यूरोपीय संघ के उच्चस्तरीय व्यापार संवादों में भाग लेते हुए उन्होंने ब्रसेल्स में एक सवाल के जवाब में कहा कि उन्हें संदेश है कि अप्रैल जैसी बर्बर हरकत को जारी रखा गया तो जवाबी कार्रवाई का सामना करना होगा जो आतंकवादी संगठनों व आतंकवादी नेतृत्व के खिलाफ होगी। जयशंकर ने कहा, हमें परवाह नहीं कि वे कहां हैं। अगर वे पाकिस्तान के भीतर हैं तो हम पाकिस्तान में अंदर तक जाएंगे। उन्होंने पड़ोसी दुश्मन मुल्क में आतंकियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण और उनके भारत में घुसपैठ करने पर कड़ी कार्रवाई की बात भी दोहराई।उन्होंने भारतीय एयर स्ट्राइक से हुई पाकिस्तान को क्षति के आरोपों का भी अपने अंदाज में करारा जवाब दिया। कहा कि सबूत तो वही एयर फील्ड हैं, जो अब काम नहीं कर रहे। पाकिस्तान की हवाई पट्टियों को नुकसान को गूगल सैटेलाइट से देखने की सलाह भी दे डाली। बेशक,भारत के ऑपरेशन सिंदूर को सारी दुनिया ने देखा जब 6-7 मई की दरमियानी रात भारतीय सशस्त्र बलों ने दुश्मन देश के भीतर घुस कर पच्चीस मिनट में नौ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया था। इनमें से पांच तो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में ही थे।जयशंकर ने भारत का रुख स्पष्ट करते हुए विदेशी मीडिया को साफ संकेत दिया कि पाकिस्तानी वायु सेना को भारतीय लड़ाकू विमानों व मिसाइलों ने जबरदस्त क्षति पहुंचाई। अल्पभाषी जयशंकर स्पष्ट और सटीक बात करने के मामले में अपने समकालीन राजनेताओं से बिल्कुल भिन्न हैं। जैसा कि उन्होंने विदेशी मीडिया के समक्ष न सिर्फ भारत का रुख स्पष्ट किया बल्कि उन संदेहों को भी साफ किया जो पाकिस्तान जानबूझकर फैला रहा है। दोनों मुल्कों के दरम्यान हुए युद्ध विराम व तमाम आरोपों-प्रत्यारोपों के बावजूद दुनिया की महाशक्तियों के समक्ष भारत सरकार ने नये प्रतिमान गढने का अपना इरादा डंके की चोट पर प्रदर्शित ही नहीं किया बल्कि देश की सुरक्षा और अपने नागरिकों की हत्या के खिलाफ की कड़ी कार्रवाई को न्यायोचित ठहराने में कोई कोताही भी नहीं कर रहा है। आतंकवाद समूची दुनिया के लिए जबरदस्त चुनौती है जिसके प्रति कोई भी सहिष्णुता दर्शाने को राजी नहीं है। पाकिस्तान के प्रति सहानुभूति रखने वाले भी इस मुद्दे पर बगले झांकते नजर आते हैं।

# लुटेरों की मिसाइल और डकैतों का परमाणु बम



विजय गर्ग
चांद मलोट
पंजाब




इस्राइल-ईरान युद्ध के खात्मे का इंतजार दुनिया को था कि विश्व का दरोगा अमेरिका इसमें कूद पड़ा। दुनिया पहले ही रूस-यूक्रेन युद्ध से परेशान थी,इस बीच भारत-पाकिस्तान के बीच भी कुछ दिनों का युद्ध हो चुका था। अमेरिका का कहना है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम दुनिया के लिए खतरा है। ईरान पर बम बरसाने से पहले अमेरिका ने धमकी भी दी थी कि वह फौरन इसे रोके। यह बात बिल्कुल ठीक है कि परमाणु अस्त्र पूरी मानवता के लिए आफत की तरह हैं। जापान के हिरोशिमा-नागासाकी पर जो बम गिराए गए थे, उनकी विनाशक क्षमता आज के परमाणु हथियारों के मुकाबले बहुत कम थी। तब भी जापान ने इसे दशकों तक भुगता। आज तो ऐसे हथियार हैं, जो पल भर में दुनिया को खत्म कर सकते हैं। ऐसे में हे अमेरिकियों, जितने मारक हथियारों के जखीरे आपके पास हैं, दूसरे देशों को उपदेश देने से पहले, उन्हें नष्ट क्यों नहीं कर देते। क्या वे दुनिया के लिए खतरा नहीं हैं...या कि उसी तर्क पर चलते हो कि जबरा मारे और रोने भी न दे।

जब अमेरिका के खिलाफ ये बातें की जा रही हैं,तब इसका मतलब यह कदापि नहीं है कि ईरान का पक्ष लिया जा रहा है। मानव अधिकारों के मामले में ईरान की स्थिति कोई अच्छी नहीं है। दशकों पहले जब ईरान के इस्लामिक आंदोलन ने शाह रजा पहलवी को खदेड़ दिया था और पेरिस में निर्वासित जीवन बिताने वाले खोमेनी को हाथो हाथ लिया था,तब की याद आती है। खोमेनी के पक्ष में वहां जो युवा शाह के खिलाफ आंदोलन चला रहे थे,उनमें से बहुत से खुद को इस्लामिक मार्क्ससिस्ट कहते थे। जब खोमेनी पेरिस से लौटे,तो उनकी कार को कंधे पर उठा लिया गया था। बाद में सबसे पहले खोमेनी ने इन्हीं इस्लामिक मार्क्ससिस्ट कहने वाले लोगों को सरेआम मौत के घाट उतरवाया था। शाह ने स्त्रियों को घर की चारदीवारी से निकाला था, उन्हें आत्मनिर्भरता की राह दिखाई थी, खोमेनी ने उन्हें वापस सदियों पहले की स्थिति में धकेल दिया।

अब वहां स्त्रियां अपने आप कुछ नहीं कर सकतीं। न बैंक अकाउंट खोल सकती हैं, न बिना माता-पिता की लिखित अनुमति के पढ़ सकती हैं,न नौकरी कर सकती हैं। न शादी ही। सिर से हिजाब जरा-सा खिसका नहीं कि आफत आई नहीं। अफगानिस्तान की तरह ही वहां भी स्त्रियों को मामूली मानव अधिकार नहीं हैं। इसे धर्म और हमारी संस्कृति कहकर रफा-दफा कर दिया जाता है। लेकिन अमेरिका जिसका ट्रेक रिकॉर्ड दुनिया भर के तानाशाहों को पालना-पोसना रहा है, वह मनमाने तरीके से मानव अधिकारों की व्याख्या करता है। चाहे डेमोक्रेट्स हों या रिपब्लिकंस, उनकी नजर सिर्फ अपने यहां पूंजीपतियों के हितों को देखने की होती है। मानव अधिकार आदि की बातें तो दुनिया को दिखाने के लिए होती हैं।

इस सिलसिले में जान पर्किन्स की मशहूर पुस्तक 'कन्फेशन्स ऑफ़ ऐन इकोनॉमिक हिटमैन' पढ़ी जा सकती है। जान खुद इकोनामिक हिटमैन रहे हैं यानी कि दूसरे देशों में अमेरिकी पूंजीपतियों के हितों को हर हाल में संरक्षित करने वाले।

फिर दूसरा देश अपने यहां क्या करना चाहता है,इसमें दखल देने वाले आप कौन हैं। अमेरिका अपने यहां कौन से हथियार विकसित कर रहा है, यदि किसी दूसरे देश को यह बात पसंद न आए तो क्या वह अमेरिका पर उसी तरह हमला कर दे, जैसे अमेरिका करता है। कल अगर भारत की सत्ता आपकी बात न माने, तो आप उस पर भी चढ़ दौड़ेंगे। ये बात अलग है कि कभी वियतनाम से पिटेंगे, तो कभी अफगानिस्तान से सिर पर पांव रखकर भागेंगे।

आपको नब्बे का दशक याद होगा। अमेरिका, ईराक पर टूट पड़ा था। बहाना बनाया था कि ईराक के पास ऐसे रासायनिक हथियार हैं,जो विश्व को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं। हालांकि यह कभी प्रमाणित नहीं हो सका। लेकिन सद्दाम हुसैन को फांसी दे दी गई। उनका वह चित्र छपा था, जिसे देखकर रोंगटे खड़े हो जाते थे। उनका सिर एक ओर पड़ा था और धड़ एक ओर।

नब्बे के दशक में ही भारत में टेलीविजन घर-घर पहुंच चुका था। ईराक, अमेरिका की लड़ाई का पहली बार लाइव प्रसारण लोगों ने घर बैठकर देखा था और रोमांचित हुए थे। आज इक्कीसवीं सदी के पचीसवें वर्ष में इस्राइल, अमेरिका,ईरान युद्ध की तस्वीरें, लाइव प्रसारण भी खूब दिख रहे हैं।

बीबीसी और न्यूयार्क टाइम्स ने बताया कि इस समय युद्ध के फेक वीडियोज और रील्स की बाढ़ आ गई है। इन्हें एआई द्वारा तैयार किया गया है। इन रील्स और वीडियोज को देखने वालों और फालोअर्स की संख्या करोड़ों में पहुंच रही है। इस फेक नैरेटिव से लड़ना वाकई मुश्किल काम है। इसे 'ऑपरेशन सिंदूर' के समय भी देखा गया था। किस तरह से पश्चिमी मीडिया ने भारत के खिलाफ फेक नैरेटिव तैयार किया था। लिखने वाले पाकिस्तानी और छापने वाले यही न्यूयार्क टाइम्स, वाशिंगटन पोस्ट, टेलीग्राफ, बीबीसी आदि ही थे। लेकिन अब जब अमेरिका, इस्राइल के खिलाफ फेक वीडियोज और रील्स भारी पैमाने पर आने लगे, तो रोने लगे। पश्चिमी मीडिया ऐसा ही दुरंगा है। अपने मालिकों को हर हाल में बचाता है। उनके खिलाफ शायद ही कभी मानव अधिकार हनन का रोना रोया जाता है। इसमें पश्चिमी न्यूज एजेंसीज भी बढ़-चढ़कर भूमिका निभाती हैं। तरह-तरह के गढ़े झूठ को सच की तरह परोसा जाता है।

अपने यहां भी अधिकांश चैनल्स जिस तरह का युद्धोन्माद भड़का रहे हैं, वह काफी निंदनीय और चिंतित करने वाला है। ज्यादा से ज्यादा टीआरपी और उसके बदले विज्ञापनों की बढ़त के कारण हर समय ऐसे-ऐसे होडिंग्स लगाए जा रहे हैं- इस्राइल ईरान युद्ध, अब होगा विश्वयुद्ध। या कि नहीं रुकेगा परमाणु युद्ध। आश्चर्य यह होता है कि यदि परमाणु युद्ध हो जाए,तो क्या वे लोग बचे रहेंगे,जो इस तरह की भविष्यवाणियां रात-दिन करके माल बटोर रहे हैं। आपने ईरान की उस टीवी पत्रकार की हालत तो देखी ही होगी, जो स्टूडियो पर इस्राइली हमले के बाद लाइव प्रसारण छोड़कर भागी।

ईरान के खामनेई अक्सर कहते रहे हैं कि वे इस्राइल का नामोनिशान मिटा देंगे। क्या वाकई ऐसा हो सकता है। अगर ऐसा हो सकता,तो इस तीन साल से अधिक के वक्त में रूस ने यूक्रेन का नामोनिशान मिटा दिया होता। इस्राइल के खिलाफ तो इतने अधिक देश हैं कि वह कब का खत्म हो गया होता। लेकिन इन दिनों न कोई युद्ध जीतता है, न हारता है। दोनों ही पक्षों को नुकसान उठाना पड़ता है। हां तीसरी पार्टियां अगर बीच में आ जाएं, तो यह नुकसान और बढ़ जाता है। जो रील्स और वीडियोज देखे हैं, उनमें ईरान की विजय पर माशा अल्लाह और देख लो इस्राइल की हालत आदि बड़े पैमाने पर हैं। इसी तरह के वीडियोज इस्राइल से भी आ रहे हैं। क्या सही है, क्या गलत,इसका पता लगाना भी मुश्किल है। अच्छा तरीका तो यही है कि जहां भी लड़ाई हो रही है, वह रुके। इस दुनिया में पहले ही आफतें क्या कम हैं। आम लोगों की किसी भी लड़ाई में शायद ही कोई भूमिका होती है, लेकिन बड़ी संख्या में मारे वे ही जाते हैं ।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# 2005 में अमेरिका के दबाव में झुकी कांग्रेस,अब ईरान पर नैतिकता की दुहाई क्यों ?



संजय सक्सेना,
लखनऊ,उत्तरप्रदेश

पश्चिम एशिया में ईरान और इजरायल के बीच चल रहे तनाव और अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों पर किए गए हमलों ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में एक नई उथल-पुथल ला दी है। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी द्वारा हाल ही में एक अंग्रेज़ी अखबार में प्रकाशित लेख ने खासा विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने नरेंद्र मोदी सरकार की विदेश नीति,विशेषकर ईरान को लेकर,तीखी आलोचना की है और कहा है कि मौजूदा सरकार ने नैतिक मूल्यों और पारंपरिक कूटनीतिक संतुलन से समझौता किया है। सोनिया गांधी के इस बयान के बाद भाजपा ने उन्हें आड़े हाथों लिया और उनके लेख को 'राजनीतिक घड़ियाली आंसू' करार दिया। सवाल उठने लगे कि क्या सोनिया गांधी वास्तव में भारत-ईरान संबंधों को लेकर चिंतित हैं या यह सिर्फ एक रणनीतिक राजनीतिक दांव है, जिससे अल्पसंख्यक वोट बैंक को साधा जा सके? इन तमाम सवालों और आरोप-प्रत्यारोप के बीच यह जरूरी हो गया है कि भारत और ईरान के रिश्तों के इतिहास, वर्तमान और संभावित भविष्य को गहराई से समझा जाए। भारत और ईरान के बीच रिश्ते हजारों साल पुराने सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों पर आधारित हैं। दोनों देशों के बीच संबंधों की नींव सभ्यताओं के आदान-प्रदान, साहित्य,वास्तुकला,व्यापार और धर्म से जुड़ी है। आधुनिक काल में इन रिश्तों को ऊर्जा सुरक्षा, रणनीतिक साझेदारी और भू-राजनीतिक संतुलन ने नया आयाम दिया। खासकर चाबहार बंदरगाह परियोजना भारत के लिए न केवल मध्य एशिया तक पहुँच का एक अहम जरिया है, बल्कि यह चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे का जवाब भी है।लेकिन भारत और ईरान के इन गहरे रिश्तों में 2005 में एक बड़ी दरार आई,जब मनमोहन सिंह की अगुआई वाली यूपीए सरकार ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी में ईरान के खिलाफ वोट दिया। यह एक ऐतिहासिक मोड़ था, क्योंकि यह पहली बार था जब भारत ने अपने पारंपरिक मित्र देश ईरान के खिलाफ खुले तौर पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर विरोध जताया। 2005 में भारत अमेरिका के साथ नागरिक परमाणु समझौते को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में था। अमेरिका चाहता था कि भारत ईरान के परमाणु कार्यक्रम के खिलाफ एलएईए में प्रस्ताव का समर्थन करे। अमेरिका के स्पष्ट दबाव और यह चेतावनी कि अगर भारत ईरान का समर्थन करेगा तो न्यूक्लियर डील रुक सकती है इन परिस्थितियों में भारत ने अमेरिका का साथ दिया और ईरान के खिलाफ मतदान किया।इस फैसले का घरेलू राजनीति में जबरदस्त विरोध हुआ। वामपंथी दलों, जो उस समय यूपीए को समर्थन दे रहे थे, ने इसे अमेरिका के सामने आत्मसमर्पण बताया। यही नहीं, उस समय कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रखी, जो आज के उनके लेख को संदिग्ध बनाती है। अगर 2005 में ईरान को 'धोखा' देना एक राष्ट्रीय विवेक था, तो 2025 में संतुलन साधने की नीति पर आपत्ति कैसे उचित ठहराई जा सकती है? 2024 में जब एलएईए में अमेरिका और उसके सहयोगियों ने ईरान के खिलाफ प्रस्ताव लाया, तो भारत ने मतदान से दूरी बनाकर एक संतुलित रुख अपनाया। यह नीति बताती है कि भारत अब अमेरिका और पश्चिमी देशों के दबाव में नहीं, बल्कि अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दे रहा है। इस बीच भारत ने न तो ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रम का समर्थन किया, और न ही इजरायल-अमेरिका की हर सैन्य कार्रवाई का समर्थन।भारत ने हमेशा कहा है कि वह ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम के पक्ष में है, लेकिन हथियारों के विकास को लेकर चिंतित है। यही संतुलन भारत की विदेश नीति की सबसे बड़ी ताकत है, जो न केवल उसे वैश्विक मंच पर जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में पेश करती है,बल्कि उसे अमेरिका, इजरायल और ईरान तीनों के साथ रिश्ते बनाए रखने की क्षमता भी देती है।



वर्तमान में जब सोनिया गांधी ईरान को भारत का पुराना मित्र बताकर सरकार को घेर रही हैं, तो यह भी याद रखना चाहिए कि ईरान ने कई बार भारत के आंतरिक मामलों में दखल दिया है। 2024 में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने एक बयान में कहा कि अगर हम भारत, म्यांमार या गाजा में मुसलमानों की पीड़ा से अनजान हैं तो हम मुसलमान नहीं हैं। भारत ने इस बयान को 'ग़लत सूचना और अस्वीकार्य' करार दिया था। इससे पहले ईरान ने अनुच्छेद 370 के हटाए जाने और सी को लेकर भी भारत की आलोचना की थी।क्या ऐसे देश को सदाबहार मित्र कहना उचित है, जिसने बार-बार भारत के संप्रभु अधिकारों पर सवाल उठाए? क्या कांग्रेस इस बात को नजरअंदाज कर सिर्फ राजनीतिक लाभ के लिए ईरान के पक्ष में खड़ी हो रही है?

21 जून 2025 को 'द हिंदू' में प्रकाशित अपने लेख में सोनिया गांधी ने मोदी सरकार पर गाजा, फिलिस्तीन और ईरान के मुद्दों पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा कि भारत की नैतिक स्थिति कमजोर हो गई है और यह एक आत्मघाती विदेश नीति है। उन्होंने इस लेख में यह भी कहा कि भारत को फिलिस्तीन और ईरान जैसे पुराने मित्रों के साथ खड़ा होना चाहिए लेकिन यह लेख ऐसे समय में आया है जब कांग्रेस मुस्लिम वोट बैंक को फिर से अपने पक्ष में लाने की कोशिश कर रही है। पिछले वर्षों में यह वोट बैंक तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी,एआईएमआईएम और आरजेडी जैसे क्षेत्रीय दलों की ओर खिसक गया है। इस पृष्ठभूमि में सोनिया गांधी का लेख और प्रियंका गांधी का संसद में फिलिस्तीन झंडे वाला बैग लाना भाजपा के आरोपों को बल देता है कि कांग्रेस एक बार फिर तुष्टिकरण की राजनीति की ओर लौट रही है। भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने सोनिया गांधी के लेख पर नाराजगी जताते हुए कहा कि ÷जिस व्यक्ति का आप जिक्र कर रहे हैं,उन्होंने 7 अक्टूबर के हमलों की वैसी निंदा नहीं की जैसी होनी चाहिए थी। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की आक्रामकता को नजरअंदाज करना अस्वीकार्य है। अगर ईरान क्षेत्रीय आक्रामकता छोड़ दे और परमाणु हथियारों की दिशा में काम करना बंद करे,तो बातचीत का रास्ता हमेशा खुला है। यह बयान दर्शाता है कि भारत के लिए एक जिम्मेदार वैश्विक शक्ति की तरह संतुलन बनाए रखना कितना आवश्यक और जटिल कार्य है। इस पूरे घटनाक्रम के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति से सीधी बातचीत कर क्षेत्र में शांति बनाए रखने की अपील की। भारत ने स्पष्ट किया कि वह युद्ध नहीं, संवाद और स्थिरता का पक्षधर है। यही कारण है कि भारत न तो ईरान के खिलाफ प्रस्ताव का समर्थन कर रहा है,और न ही खुलकर उसका पक्ष ले रहा है।भारत की इस 'विषम संतुलन' नीति को अंतरराष्ट्रीय मंच पर सराहना भी मिल रही है, क्योंकि यह न केवल भारत के हितों की रक्षा करती है,बल्कि उसे उस रणनीतिक 'स्वतंत्रता' की स्थिति में भी रखती है, जो कई देशों के लिए मुश्किल है।

भारत की विदेश नीति आज सिर्फ अतीत की दोस्तियों या भावनात्मक संबंधों पर नहीं, बल्कि रणनीतिक विवेक, ऊर्जा सुरक्षा, क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक जिम्मेदारी पर आधारित है। 2005 में कांग्रेस सरकार ने अमेरिका के दबाव में ईरान के खिलाफ वोट दिया, और अब वही कांग्रेस भाजपा सरकार पर अमेरिका की कठपुतली बनने का आरोप लगा रही है। यह विरोधाभास कांग्रेस की नीयत पर सवाल खड़ा करता है।भारत का मौजूदा रुख इस बात का प्रतीक है कि वह अब गुटनिरपेक्षता से आगे बढ़कर बहुपक्षीय संतुलन की नीति अपना चुका है। आज जब दुनिया दो ध्रुवों में बंटने की ओर बढ़ रही है भारत एक ऐसे राष्ट्र के रूप में उभरा है, जो सभी के साथ बात कर सकता है, लेकिन किसी का मोहरा नहीं बनता। यही भारत की असली कूटनीतिक जीत है।

## कविता
### आपसे क्या मांगू..

घटती-घटना



अनिल कौशिक
क्योड़क कैथल
हरियाणा

प्रभु दुःख आपने दिया है आपसे सुख क्या मांगू।
प्रभु भोग आपने दिया है आपसे तृप्ति क्या मांगू।
प्रभु ज्ञान आपने दिया है आपसे चेतना क्या मांगू।
प्रभु साहस आपने दिया है आपसे शक्ति क्या मांगू।
प्रभु प्रेम आपने दिया है आपसे वैराग्य क्या मांगू।
प्रभु चिंतन आपने दिया है आपसे चिंता क्या मांगू।
प्रभु मिलन आपने दिया है आपसे बिछोह क्या मांगू।
प्रभु जब पर्दा आपने दिया है आपसे लज्जा क्या मांगू।
प्रभु सत्य आपने दिया है आपसे झूठ क्या मांगू।
प्रभु बंधन आपने दिया है आपसे मुक्ति क्या मांगू।
प्रभु मोती आपने दिया है आपसे सीप क्या मांगू।
प्रभु सत्कर्म आपने दिया हैं आपसे दुष्कर्म क्या मांगू।
प्रभु संतोष आपने दिया है आपसे ऐश्वर्य क्या मांगू।
प्रभु अर्श आपने दिया है आपसे फर्श क्या मांगू।
प्रभु याराना आपने दिया है आपसे दुश्मनी क्या मांगू।
प्रभु विश्वास आपने दिया है आपसे अश्रद्धा क्या मांगू।

## कविता
### यही है प्रेम...

घटती-घटना



मोनिका डागा
चेन्नई
तमिलनाडु

चातक का स्वाति नक्षत्र की बूंद की तलाश से,
रात में पतंगे का दीपक की लौ के प्रकाश से,
भंवरों का भोर की पहली किरण के इंतजार से,
तितलियों का उपवन में छाई चटक बहार से,
अनवरत अनंत अशेष आनंद प्रवाह यही है प्रेम
सूरजमुखी का प्रभाकर के उतार चढ़ाव से,
नदी का सिंधु की ओर उठते गिरते बहाव से,
कृषकों का खेतों में महकती सौंधी मिट्टी से,
सीमा पर सैनिकों का घर की आई चिट्ठी से,
अनवरत अनंत अशेष आनंद प्रवाह यही है प्रेम
अविभावकों का बच्चे की तुतलाती बोली से,
पति का अर्द्धांगिनी की सजी मॉंग की रोली से,
कानों में घुलती पायल,चुड़ियों की खनक से,
वर्षों बाद घर लौटे बच्चों की आने की भनक से,
अनवरत अनंत अशेष आनंद प्रवाह यही है प्रेम
बिछड़े यारों की पुरानी खट्टी मिट्ठी सी मित्रता से,
शिष्य का गुरु उपदेशों के प्रति सात्विक शिष्टता से,
ॐ कार की प्रतिध्वनि के अन्तर्मन में बढ़ते गुंजार से,
इष्ट को समर्पित हुए भक्त की हृदय करुण पुकार से,
अनवरत अनंत अशेष आनंद प्रवाह यही है प्रेम

# क्रॉस वोटिंग:सपा में 'पीडीए' की रक्षा या अनुशासन का दिखावा ?



अजय कुमार
लखनऊ,उत्तर प्रदेश

समाजवादी पार्टी ने जिस अंदाज में अपने तीन बागी विधायकों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया है,उसने एक साथ कई सवाल खड़े कर दिए हैं। एक तरफ यह अनुशासन का संदेश है, तो दूसरी ओर जातीय समीकरणों का राजनीतिक संतुलन भी। लेकिन बात सिर्फ निष्कासन की नहीं है,असली सवाल यह है कि सात में से केवल तीन पर ही कार्रवाई क्यों हुई? यह निर्णय सिर्फ पार्टी विरोधी गतिविधियों के आधार पर नहीं,बल्कि रणनीतिक और सामाजिक गणनाओं को ध्यान में रखकर लिया गया है। अखिलेश यादव की इस 'आंशिक कार्रवाई' के केंद्र में एक नई समाजवादी राजनीति आकार ले रही है, जो पुराने मुलायम युग से अलग दिखती है, लेकिन उतनी ही संवेदनशील भी है।

अखिलेश यादव ने अयोध्या की गोसाईगंज सीट से विधायक अभय सिंह, अमेठी की गौरीगंज सीट से विधायक राकेश प्रताप सिंह और रायबरेली की ऊंचाहार सीट से विधायक डॉ. मनोज पांडे को निष्कासित कर पार्टी का संदेश स्पष्ट कर दिया कि भीतरघात अब बर्दाश्त नहीं होगा। लेकिन इससे भी बड़ा संदेश यह गया कि जिन लोगों ने न केवल भाजपा के पक्ष में वोट डाला, बल्कि पार्टी के खिलाफ लगातार बोलते रहे, उनके लिए सपा में अब कोई जगह नहीं है। ये तीनों विधायक एक लंबे समय से सार्वजनिक मंचों पर अखिलेश यादव के खिलाफ बयानबाज़ी कर रहे थे। मनोज पांडे ने तो यहां तक कह दिया कि उन्होंने एक साल पहले ही भाजपा ज्वाइन कर ली थी और अब सपा की कार्रवाई से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। वहीं अभय सिंह और राकेश प्रताप सिंह लगातार सपा को 'हिंदू विरोधी' और 'रामविरोधी' पार्टी करार देते रहे हैं। ऐसे में इन पर कार्रवाई न करना अखिलेश के लिए अपनी साख और नेतृत्व दोनों पर सवालिया निशान बन सकता था। लेकिन जिस तरीके से बाकी चार विधायकों को पार्टी में बरकरार रखा गया है,उसने राजनीतिक विश्लेषकों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या सपा में कार्रवाई भी अब जाति देखकर तय होती है? दरअसल,जिन तीनों को निकाला गया, वे सभी सवर्ण हैं मनोज पांडे ब्राह्मण और बाकी दो ठाकुर। वहीं पूजा पाल, आशुतोष मौर्य, विनोद चतुर्वेदी और राकेश पांडे में से दो पिछड़ी जातियों से हैं और दो ब्राह्मण हैं, जिनका पार्टी विरोधी बयान सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आया। यही वह अंतर है जो अखिलेश यादव की रणनीति को जातीय गणित से जोड़ता है। सपा इन दिनों पीडीए यानी पिछड़ा,दलित, अल्पसंख्यक समीकरण को केंद्र में रखकर आगे बढ़ रही है। ऐसे में उन विधायकों को तुरंत बाहर करना जिन्हें पार्टी अभी अपने जनाधार से जोड़कर देख रही है, सियासी आत्मघात हो सकता था।




पूजा पाल और आशुतोष मौर्य जैसे नेता न सिर्फ ओबीसी वोट बैंक में सपा के लिए सहायक हो सकते हैं,बल्कि इनका निष्कासन समाजवादी पार्टी को उस वर्ग से और दूर कर सकता था, जिसे जोड़ने के लिए पार्टी लगातार मेहनत कर रही है। वहीं ब्राह्मणों को लेकर अखिलेश का रुख अभी भी संतुलित है। 2022 के चुनावों में ब्राह्मणों को जोड़ने की नाकाम कोशिशों के बाद भी पार्टी उन्हें पूरी तरह छोड़ना नहीं चाहती। यही वजह है कि विनोद चतुर्वेदी और राकेश पांडे जैसे ब्राह्मण विधायकों पर फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं हुई है। यह रणनीति सधी हुई है ना सवर्णों को पूरी तरह नाराज़ करना है, ना ही कोर वोट बैंक को जोखिम में डालना है। लेकिन सवाल सिर्फ जाति का नहीं है। व्यवहार और भाषा भी उतनी ही अहम भूमिका निभाते हैं। जिन तीन विधायकों को निकाला गया,उन्होंने सिर्फ पार्टी लाइन से हटकर वोटिंग नहीं की, बल्कि सोशल मीडिया से लेकर टीवी इंटरव्यू तक में अखिलेश यादव को कमजोर, अहंकारी और जातिवादी नेता बताया। ये लोग भाजपा के बड़े नेताओं के साथ मंच साझा करते रहे और अपने क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं की तरह सक्रिय रहे। वहीं बाकी चार ने भले ही वोट भाजपा को दिया हो, लेकिन सार्वजनिक मंचों पर चुप्पी साधे रखी। राजनीति में चुप्पी अक्सर सजा से बचा लेती है, और यही इन विधायकों के साथ हुआ। सपा की यह आंशिक कार्रवाई पार्टी अनुशासन की मजबूती भी दर्शाती है और आने वाले विधानसभा चुनाव की रणनीति को भी। अखिलेश यादव यह अच्छी तरह जानते हैं कि 2027 का चुनाव उनके राजनीतिक जीवन का टर्निंग प्वाइंट हो सकता है। ऐसे में उन्हें पार्टी के भीतर विश्वासघात से ज्यादा अपने जनाधार की एकता चाहिए। यही वजह है कि उन्होंने ऐसे लोगों को पहले निशाने पर लिया, जिनके जाने से पार्टी को वोटों का नुकसान नहीं होगा। ठाकुर और ब्राह्मण विधायक जो अब भाजपा की ओर झुक चुके हैं, उन्हें बाहर निकालकर अखिलेश ने सपा के अंदर एक स्पष्ट संदेश दे दिया कि अब पार्टी में अनुशासन सर्वोपरि होगा।

भाजपा ने इस मुद्दे को लपकने में देर नहीं लगाई। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सपा अब अपने ही कार्यकर्ताओं पर अत्याचार कर रही है और पार्टी पूरी तरह बिखर चुकी है। लेकिन भाजपा को भी यह मालूम है कि सपा की यह कार्रवाई केवल अनुशासन नहीं बल्कि रणनीतिक शुद्धिकरण है। सपा अब पुराने ढांचे को तोड़कर नई सामाजिक गठजोड़ तैयार कर रही है, जिसमें जाति, विचारधारा और निष्ठा का संतुलन अहम है।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

# आपातकाल लोकतंत्र पर हमला, इंदिरा गांधी ने किया सत्ता का दुरुपयोग : दीपक म्हस्के

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 जून 2025 (घटती-घटना)।

आज संकल्प भवन, भाजपा कार्यालय, अंबिकापुर में 25 जून आपातकाल लोकतंत्र के लिए काला दिवस के विषय पर छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस बोर्ड चेयरमैन दीपक म्हस्के ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल सिंह मेजर, संवाद प्रमुख संतोष दास, सह संवाद प्रमुख रूपेश दुबे, मंडल अध्यक्ष कमलेश तिवारी और जनमेजय मिश्रा की उपस्थिति में प्रेस को संबोधित करते हुए दीपक मस्के ने आपातकाल के ऐतिहासिक और राजनीतिक पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए जनता को लोकतंत्र की रक्षा के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।




उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'आंतरिक आपात स्थिति' की घोषणा कर लोकतंत्र पर हमला बोला। इस दौरान प्रेस पर सेंसरशिप लगाई गई, नागरिकों की स्वतंत्रता छीनी गई और विपक्षी नेताओं को हिरासत में लिया गया। दीपक म्हस्के ने कहा कि यह कदम देश की जनता के अधिकारों पर गहरा आघात था । इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान संवैधानिक मूल्यों का उल्लंघन करते हुए सत्ता का दुरुपयोग किया। उन्होंने विपक्षी दलों पर अत्याचार, नेताओं की हिरासत और जनता पर दमनकारी नीतियों को लागू किया, जिससे देश में भय और असुरक्षा का माहौल बना। आगे श्री म्हस्के ने कहा कि आपातकाल के दौरान न्यायपालिका पर दबाव डाला गया,जिससे न्यायिक स्वतंत्रता प्रभावित हुई। कई मामलों में न्यायाधीशों को जनता के हित में फैसले देने से रोका गया, और संविधानिक प्रक्रियाओं को कमजोर किया गया। 1977 में जनता के व्यापक विरोध और मोरारजी देसाई , जय प्रकाश नारायण के नेतृत्व में गठित सरकार के प्रयासों से आपातकाल समाप्त हुआ। इस दौरान गुजरात और बिहार में शुरू हुई जन आंदोलनों ने देश भर में इसका प्रभाव बढ़ाया, जिसके फलस्वरूप 1977 के चुनाव में इंदिरा गांधी की हार हुई। दीपक म्हस्के ने जोर देकर कहा कि भाजपा आपातकाल जैसे काले अध्याय को याद रखकर लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे डिजिटल प्लेटफॉर्म और प्रेस के माध्यम से लोकतंत्र की मजबूती के लिए जागरूकता फैलाएं। श्री म्हस्के ने उल्लेख किया कि 1971 में लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत से जीतने के बावजूद इंदिरा गांधी ने 1975 में सत्ता को बनाए रखने के लिए आपातकाल लगाया। गुजरात में 1974 का नेवसारी रेल हादसा और 1975 का आपातकाल जनता के आक्रोश का कारण बना।उन्होंने जोर देकर कहा कि आज भी लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रेस और जनता की भूमिका महत्वपूर्ण है। भाजपा इस ऐतिहासिक सबक को भविष्य में दोहराने से रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस अवसर पर सभी से लोकतंत्र के प्रति सजग रहने और 25 जून को काला दिवस के रूप में मनाने की अपील की। प्रेस वार्ता में उपस्थित पत्रकारों ने इस मुद्दे पर गहन चर्चा की और लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुटता दिखाई।

# थोक किराना दुकान में घुसकर तीन चोरों ने की 50 हजार की चोरी



- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 जून 2025 (घटती-घटना)।

थोक किराना दुकान में घुसकर वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने काउंटर से 6 से 7 हजार रुपए नकदी व लगभग 50 हजार का सामान पार कर दिया है। दुकान संचालक ने मामले की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार अंबिकापुर निवासी रूपेश सोनी का बिलासपुर रोड स्थित ग्राम भिट्ठी में मुख्य सडक़ से लगे आरती ट्रेडर्स नाम से किराने का थोक दुकान है। संचालक 21 जून की रात को दुकान बंद कर घर चला गया था।



22 जून की सुबह करीब 7 बजे दुकान खोला और अंदर गया तो काउंटर खुला था और सामान बिखरा पड़ा था। संचालक ने चोरी की आशंका पर दुकान के पीछे जाकर देखा तो गेट टूटा हुआ था। दुकान संचालक ने काउंटर देखा तो काउंटर में रखे लगभग 6 से 7 हजार रुपए नकदी व लगभग 50 हजार का सामान चोरों ने पार कर दिया है। दुकान में लगे सीसीटीवी में तीन चोर कैद हुए हैं। देर रात करीब 3 बजे पीछे का गेट सब्बल से तोडक़र छत पर गए हैं और उसी सब्बल से छत पर लगे गेट को उखाड़ा है। इसके बाद चोरों ने दुकान से सामान छत पर ले जाकर नीचे फेंका है। जो कि पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। दुकान संचालक रूपेश सोनी ने मामले की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



# न्याय के अभाव में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का अदानी प्रबंधन के खिलाफ चक्का जाम रहा सफल





» रेलवे ट्रैक में रखा पत्थर,ट्रक और रेल के पहिये थमे
» 11 सूत्री मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम एसडीएम को सोपा ज्ञापन
» साल्ही चौक में रानी दुर्गावती चौक की स्थापना

मनोज कुमार
लखनपुर,24 जून 2025 (घटती-घटना)।

रानी दुर्गावती बलिदान दिवस के अवसर पर अदानी प्रबंधन के खिलाफ न्याय के अभाव में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयनाथ केराम के नेतृत्व में 24 जून दिन मंगलवार को सालही में चक्का जाम कार्यक्रम रखा गया था। चक्का जाम को को लेकर प्रशासनिक अमला बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहा। प्रशासनिक अमल को चकमा देते हुए गोंडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा कार्यक्रम स्थल से लगभग 20 किलोमीटर दूर सलका वृंदावन प्रेमनगर जिला सूरजपुर मे रेलवे ट्रैक में पत्थर रखकर कोल परिवहन रोक दिया। इधर साल्ही चौक में ट्रकों के पहिए थम गए। मंगलवार की दोपहर लगभग 3-30 बजे रानी दुर्गावती की बलिदान दिवस के अवसर पर साल्ही चौक में रानी दुर्गावती चौक का स्थापना किया गया। बाद इसके साल्ही चौक में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयनाथ केराम ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया साथ ही उन्होंने मंच से कहा कि दारू मुर्गा पैसा बांटकर शासन करते हैं जो लोग हमारे जल जंगल जमीन से बेदखल करने की बात करते हैं।इसलिए मैं आरोप लगाता हु कि यह जो नक्सली पैदा करने की फैक्ट्री है यह सत्ताधीशो के पास है। आदिवासी के जमीनों को अनाधिकृत छीनते और लुट लेते है। इसके बाद 11 सूत्री मांगों को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के पदाधिकारी ने सरगुजा कलेक्टर के नाम एसडीएम वन सिंह नेताम को ज्ञापन सोपा है। अगर मांगे पूरी नहीं होती है तो आने वाले समय में बृहद पैमाने पर आंदोलन किया जाएगा।

# स्व. एमएस सिंहदेव की 24 वी पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 24 जून 2025 (घटती-घटना)।

स्व. एमएस सिंहदेव की 24 वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। स्व.महाराज एमएस सिंहदेव मध्यप्रदेश शासन में मुख्यसचिव रहे एवं सेवा निवृत्त होने के उपरांत मध्यप्रदेश योजना आयोग के उपाध्यक्ष भी रहे।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए सरगुजा राजपरिवार के इतिहास का गहन अध्ययन करने वाले गोविंद शर्मा ने स्व एम एस सिंहदेव द्वारा मध्यप्रदेश तिलहन संघ के अध्यक्ष रहते उनके द्वारा सोयाबीन उत्पादन में उठाये गए क्रांतिकारी कदम का विश्लेषण किया। इस पद पर रहते हुए जब कृषी वैज्ञानिकों ने मध्यप्रदेश की भूमि को सोयाबीन उत्पादन के उपयुक्त बताया तब उन्होंने उत्पादन के पूर्व उपज के खपत का डिजाइन तैयार किया। खपत के इसी डिजाइन को तैयार करने में प्रोटीन युक्त सोया बड़ी जिसे आम प्रचलन की भाषा में न्यूट्रिला बड़ी कहा जाता है जन-जन तक पहुँचा। गोविंद शर्मा ने बताया कि उत्पादन के पहले ही सोयाबीन के व्यावसायिक उपयोग का खाका स्व महाराज साहब ने तैयार कर दिया था, जिसके कारण आज मध्यप्रदेश सोयाबीन उत्पादन में अग्रणी है। इस दौरान 20 सूत्रीय कार्यक्रम के पूर्व उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने कहा कि एक आईएस के तौर पर वे सदैव चुनौतियों को स्वीकार करते थे। उन्होंने बतौर कलेक्टर अपनी पहली पोस्टिंग दस्यु आतंक से ग्रस्त छतरपुर में ली थी। तब वहां चार्ली नाम के डकैत गिरोह का आतंक था। अपने कार्यकाल में स्व महाराज एम एस सिंहदेव ने योजनाबद्ध तरीके से न केवल उस दस्यु गिरोह का सफाया किया साथ ही अन्य छोटे छोटे गिरोहों को समाप्त कर इस क्षेत्र को दस्यु आतंक से मुक्त किया। राजीव भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा के उपरांत प्रतीक्षा बस स्टैंड पर स्व महाराज और राजमाता देवेंद्र कुमारी सिंहदेव के युगल प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, साथ ही माँ महामाया मंदिर में भंडारा का आयोजन भी किया गया। इस दौरानबालकृष्ण पाठक, जेपी श्रीवास्तव, द्वितेन्द्र मिश्रा, राकेश गुप्ता, हेमंत सिन्हा, रामविनय सिंह, जगन्नाथ कुशवाहा, गोविंद शर्मा, सत्येंद्र तिवारी,मो इस्लाम, अरविंद सिंह, संजय विश्वकर्मा, सीमा सोनी, गीता प्रजापति, जेनबीब कुजूर, हेमंत तिवारी, दुर्गेश गुप्ता, हरभजन भामरा, बृजेन्द्र गुप्ता, फुलसाय लकड़ा, पपिन्दर सिंह, मेराज रंगरेज, लुईस एक्का, विनोद एक्का, डॉ आर डी एस चौहान, वेदप्रकाश शर्मा, अनूप मेहता, आशीष वर्मा, अशफाक अली, गुरुप्रीत सिद्धु, जमील खान, चंद्रप्रकाश सिंह, कलीम अंसारी, मो बाबर, निकी खान,संजय सिंह, जीवन यादव, सोहन जायसवाल, शुभम जायसवाल, सतीश बारी, अविनाश कुमार, अमित सिंह, अमित वर्मा, अमित मिंज, अमितेज सिंह, विकास केशरी, मिथुन सिंह, मो इमरान, अमित सिन्हा, गीता रजक, प्रीति सिंह, उर्मिला विश्वास, शकीला सिद्धकी, बैजनाथ ठाकुर, शशि शर्मा आदि मौजूद रहे।



# एनएच पर ट्रक-ट्रेलर में भिड़ंत, ड्राइवर की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 जून 2025 (घटती-घटना)।

सीतापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलगांव नाले के पास सोमवार की देर रात ट्रक और ट्रेलर में आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में ट्रेलर चालक का एक हाथ कटकर अलग हो गया। वहीं सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ट्रक चालक भी घायल हो गया। एमआर इंफ्रा लॉजिस्टिक कंपनी के 2 ट्रेलर सामान खाली करने सोमवार को सूरजपुर जिले के बिश्रामपुर गए थे। सामान खाली करने के बाद दोनों ट्रेलर लेकर रायगढ़ लौट रहे थे। वे रात 11 बजे सीतापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाइवे पर बेलगांव नाले के पास पहुंचे ही थे कि ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 पीएस-3468 की सामने से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक क्रमांक एचआर 55 एई 6088 से उसकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में ट्रेलर चालक सुनील कुमार पिता नंदकिशोर सिंह 37 वर्ष के सिर में गंभीर चोटें आई और उसका दायां हाथ कटकर अलग हो गया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जबकि ट्रक चालक को मामूली चोटें आई।हादसे की सूचना पर सीतापुर पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद दूसरे ट्रेलर के चालक मुकेश कुमार के साथ शव लेकर सीतापुर अस्पताल पहुंची और शव छोडक़र चली गई। चालक के साथी की रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रक चालक के विरुद्ध धारा 106(1)के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।



# पिकअप चालक से मारपीट, बदमाशों ने बाप-बेटे से मंगाई माफी

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 24 जून 2025 (घटती-घटना)।

तीन बदमाशों ने पिकअप चालक की बेदम पिटाई कर दी। इस दौरान बदमाशों ने पिकअप चालक व उसके 10 वर्षीय बेटे से पैर पकड़वाकर माफि भी मंगाए। पिकअप चालक ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार परमेश्वर राम ग्राम सपनादर मैनपाट का रहने वाला है। वह कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वह पुलिस को बताया है कि 23 जून को निजी काम से पिकअप से अंबिकापुर आया था। दोपहर करीब 2.30 बजे पुराना बस स्टैंड के पास वाहन खड़ा कर एक होटल के नाश्ता करने गया था। तभी तीन युवकों ने पिकअप का हवा निकालने लगे। हवा निकालता देख वह नाश्ता छोडक़र अपने गाड़ी के पास गया और हवा नहीं निकालने और गाड़ी वहां से हटा लेने की बात कही। इस पर बदमाशों ने अपनी कार से डंडे निकालकर पिकअप चालक की पिटाई करने लगे। वह अपनी जान बचाने के लिए होटल में जा घुसा। इसके बावजूद भी बदमाशों ने उसे नहीं छोड़ा और होटल में घुसकर उसके साथ मारपीट की। बदमाशों ने पिकअप चालक व उसके दस साल के बेटे से हाथ जुड़वाकर माफी मांगने व पैर छूने को बोला। पिता-पुत्र दोनों ने बामदशों के पैर छू कर माफी मांगी। इस दौरान पिकअप चालक का बेटा जोर से रोने लगा। इसके बाद तीनों वहां से भाग गए। पिकअप चालक परमेश्वर राम ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात बदमाशें के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# शहर के अलग-अलग स्थान से तीन बाइक चोरी

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 24 जून 2025 (घटती-घटना)।

शहर के अलग-अलग स्थानों से तीन बाइक चोरी की घटना सामने आई है। पहली घटना अटल आवास बाबूपारा निवासी अमरेश सिंह ने मणिपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वह पुलिस को बताया है कि 21 जून की रात अपने साथी अमन मराठा की बाइक क्रमांक सीजी 15 डीजेड को लेकर जिला अस्पताल अपने साथी को देखने जा रहा था।

तभी लडक़ा एक लडक़ी पैदल अटल आवास की ओर जा रहे थे। वह अमरेश अपनी बाइक रोक कर लडक़ा-लडक़ी से पूछताछ करने लगा। अभी एक लडक़ा आया और अमरेश की बाइक लेकर फरार हो गया। मणिपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है। दूसरी घटना 18 जून को गुदरी बाजार की है। फुन्दुरडिहारी निवासी रामदुलारे साहू बाइक से सब्जी खरीदने गया था। वह बाकइ को गुदरी बाजार में खड़ी कर सब्जी खरीद रहा था। तभी अज्ञात चोर ने उसकी बाइक पार कर दी। रामदुलारे ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। बिश्रामपुर निवासी सोनू राजवाड़े ने गांधीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

वह भगवानपुर में किराए के मकान में रहता है और काम करता है। 14 जून की रात को वह अपनी बाइक को रूम के अंदर खड़ा कर बगल में दास्ते के यहां सोने चला गया। दूसरे दिन सुबह आकर देखा तो रूम का ताला टूटा हुआ था और बाइक नहीं थी। सोनू राजवाड़े की रिपोर्ट पर गांधीनगर पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



# 'मोर गांव मोर पानी' महाअभियान के तहत आज जिलेभर में चलेगा जल संरक्षण जनअभियान

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 जून 2025 (घटती-घटना)।

जिले में वर्षा जल का संरक्षण कर भूजल स्तर को बढ़ाने और पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने हेतु मोर गांव मोर पानी महाअभियान के अंतर्गत 25 जून को विशेष जनअभियान चलाया जाएगा। यह अभियान कलेक्टर श्री विलास भोसकर के नेतृत्व एवं जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है।इस अभियान के अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायत भवनों एवं शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाए जाने की पहल की जा रही है। वहीं, जिन भवनों में पूर्व से रेनवाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्मित है, उनकी मरम्मत व पुर्नजीवन हेतु कार्य किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण भी किया जाएगा।









# रूसी हमले में यूक्रेन में 13 नागरिकों की मौत, जेलेंस्की ने पश्चिमी देशों से मदद मांगी

**कीव, 24 जून 2025।** यूक्रेन में रूस के ड्रोन, मिसाइल और तोपखाने से हुए हमलों में कम से कम 13 नागरिकों की मौत हो गई और लगभग 100 लोग घायल हुए हैं। यह जानकारी यूक्रेनी अधिकारियों ने मंगलवार को दी। इन हमलों के बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने पश्चिमी देशों से और सैन्य मदद की मांग की है। वह मंगलवार को नीदरलैंड्स के हेग शहर में नाटो शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे नेताओं से मिलेंगे। उनका मकसद यूक्रेन की सुरक्षा के लिए भविष्य की सहायता सुनिश्चित करना है।



### दिन में हुआ बड़ा हमला

मंगलवार दोपहर रूस ने यूक्रेन के डिनप्रो शहर पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। जिसमें सात नागरिकों की मौत हुई और 70 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। वहीं पास के समर शहर में भी हमला हुआ, जिसमें दो लोगों की मौत हुई और नौ लोग घायल हुए। डिनप्रो के मेयर बोरिस फिलाटोव ने बताया कि इस हमले में 19 स्कूल, 10 किंडरगार्टन, एक संगीत विद्यालय, एक सामाजिक सेवा कार्यालय और आठ मेडिकल सेंटर क्षतिग्रस्त हो गए।

### खेरसॉन और सूमी क्षेत्र भी निशाने पर

वहीं दक्षिणी खेरसॉन इलाके में चार नागरिक मारे गए और 11 घायल हुए। जबकि उत्तर-पूर्वी सूमी क्षेत्र में ड्रोन हमले में एक बच्चे समेत तीन नागरिक मारे गए। जबकि घायलों में दो 17 साल की लड़कियां और एक 12 साल का लड़का भी शामिल हैं।

### रूस का दावा- 20 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उन्होंने रातभर में 20 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए, जिनमें से 14 ड्रोन कुरस्क इलाके में और दो ड्रोन मॉस्को क्षेत्र में थे। एक ड्रोन मॉस्को के एक टावर ब्लॉक से टकराया, जिससे 17 वीं मंजिल पर आग लग गई। इस दौरान एक 34 वर्षीय व्यक्ति को हाथ और पैर में छर्रे लगे। दो अन्य ड्रोन मॉस्को पहुंचने से पहले ही गिरा दिए गए। इन खतरों के चलते मॉस्को के दो बड़े एयरपोर्ट- वनुकोवो और शेरेमेतेवो- पर हवाई यातायात को कुछ समय के लिए रोका गया।

### अमेरिका की भूमिका पर सवाल

राष्ट्रपति जेलेंस्की की चिंता इस बात को लेकर भी है कि बाइडन प्रशासन की तरफ से दी गई सैन्य सहायता जल्द ही खत्म हो सकती है,और यह स्पष्ट नहीं है कि डोनाल्ड ट्रंप के फिर से राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका मदद देगा या नहीं।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में आंतकी हमला, 5 लोगों की मौत



**इस्लामाबाद, 24 जून 2025।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार को एक बम निरोधक इकाई (बीडीयू) को निशाना बनाकर उग्रवादियों ने हमला किया, जिसमें कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस हमले में तीन सुरक्षाकर्मी और दो महिलाओं की मौत हो गई। ये महिलाएं एक पिकअप ट्रक में यात्रा कर रही थीं।

हमलावरों द्वारा बम निरोधक इकाई पर की गई गोलीबारी की चपेट में आने से इन महिलाओं की मौत हुई। बम निरोधक इकाई दक्षिणी वजीरिस्तान जिले के मंडिकोल इलाके में एक सड़क से विस्फोटक हटा रही थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमले में आठ अन्य लोग घायल भी हुए हैं। दक्षिण वजीरिस्तान के उपायुक्त नसीर खान ने कहा कि बचाव दल और लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को जिला मुख्यालय अस्पताल वाना पहुंचाया।

# जर्जर सड़कों को लेकर युवा कांग्रेस नेता अतीफ रज़ा ने सौंपा ज्ञापन

## जिला प्रशासन ने 24 घंटे के भीतर सड़क मरम्मत का दिया आश्वासन

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,24 जून 2025 (घटती-घटना)।**

अंबिकापुर शहर में वर्षों से उपेक्षित पड़ी सड़कों की भयावह स्थिति को लेकर युवा कांग्रेस के नेता अतीफ रज़ा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर सरगुजा को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया है ज्ञापन में शहर की सड़कों की बदहाली,यातायात में हो रही परेशानी, आए दिन हो रही दुर्घटनाएं और आम नागरिकों की कठिनाइयों को विस्तारपूर्वक रखा गया है।



अपने ज्ञापन में विशेष रूप से खरसिया रोड और रामानुजगंज रोड की हालत को चिन्हित किया गया, जिन पर अत्यधिक ट्रैफिक के बावजूद सड़कें बुरी तरह से टूट चुकी हैं। गहरे गड्ढों के कारण आए दिन दुपहिया वाहन चालकों को गंभीर चोटें लग रही हैं और ट्रैफिक जाम आम बात हो गई है।

साथ ही बस स्टैंड रोड,स्कूल रोड, देवीगंज रोड, पोस्ट ऑफिस रोड, जिला अस्पताल मार्ग सहित अन्य कई महत्वपूर्ण मार्गों की स्थिति भी बेहद खराब है। इससे मरीजों, स्कूली बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और आम यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### ज्ञापन में रखी गई प्रमुख मांगें:

1. खरसिया रोड की तत्काल मरम्मत
2. रामानुजगंज रोड का पुनर्निर्माण
3. अन्य सभी प्रमुख मार्गों की तत्काल जांच और सुधार
4. स्थायी समाधान हेतु गुणवत्तापूर्ण और टिकाऊ सड़क निर्माण
5. जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की संयुक्त निरीक्षण टीम
6. सड़क निर्माण कार्य की समयसीमा घोषित कर सार्वजनिक की जाए

### कलेक्टर ने लिया त्वरित संज्ञान.

जिला कलेक्टर ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए आश्वस्त किया कि 24 घंटे के भीतर सड़क मरम्मत कार्य प्रारंभ करवा दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने नेशनल हाइवे अथॉरिटी और संबंधित निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि अंबिकापुर शहर के सभी प्रमुख मार्गों का तत्काल निरीक्षण कर कार्यवाही प्रारंभ की जाए।

आतीफ रज़ा ने बताया की अम्बिकापुर की जनता आज सड़कों पर चलने से डरती है। हर सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे हैं, जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं। हमने 10 दिनों का अल्टीमेटम दिया है, यदि इस अवधि में मरम्मत कार्य शुरू नहीं होता है, तो युवा कांग्रेस लोकतांत्रिक लेकिन उग्र आंदोलन शुरू करेगी। इसमें चक्का जाम, घेराव, धरना, प्रदर्शन आदि शामिल होंगे। आम जनता की आवाज़ को दबाया नहीं जा सकता।

### जन सहयोग की अपील

युवा कांग्रेस सरगुजा ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस अभियान में साथ दें और सड़क सुधार की इस लड़ाई को मजबूती दें। यह आंदोलन किसी दल विशेष का नहीं, बल्कि अम्बिकापुर के हर नागरिक का अधिकार और आवाज़ है। इस कार्यक्रम में आतीफ रज़ा ,प्रिंस विश्वकर्मा,जीशान अली,अनिकेत सोनी,नीरज,भानु प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे।



# शादी का झांसा देकर लगातार करता रहा दुष्कर्म

- पीड़िता के गर्भवती होने पर शादी करने से किया इनकार
- शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**- संवाददाता -**
**बारियों, 24 जून 2025 (घटती-घटना)।**

बलरामपुर जिले के बरियों चौकी पुलिस ने शादी का झांसा देकर लगातार दो वर्षों तक युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता छह महीने की गर्भवती है।

जानकारी के अनुसार चौकी बरियों क्षेत्र की एक युवती ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि पास के ही गांव का युवक रितेश मरकाम पिता बलदेव मरकाम, उम्र 21 वर्ष, निवासी बरियों चारपारा, उसे शादी का झांसा देकर पिछले दो वर्षों से शारीरिक शोषण कर रहा था। पीड़िता के अनुसार, आरोपी से उसकी बातचीत मोबाइल फोन के जरिए हुई थी और दोनों के बीच परिचय बढ़ा। इसके बाद आरोपी ने युवती को शादी का वादा कर पहली बार 8 मार्च 2023 की रात खेत में दुष्कर्म किया, फिर समय-समय पर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा।



पीड़िता ने बताया कि आखिरी बार 6 फरवरी 2025 की रात तालाब के पास आरोपी ने जबरन संबंध बनाया, जिससे वह गर्भवती हो गई। जब उसने शादी की बात की तो रितेश ने इंकार कर दिया। इस पर पीड़िता ने अपने माता-पिता और गांव के लोगों को आपबीती बताई और अंततः पुलिस से शिकायत की।महिला से संबंधित मामला होने के चलते पुलिस ने महिला स्टाफ की मौजूदगी में पीड़िता से पूछताछ की और प्राथमिक जांच में आरोप की पुष्टि होने पर आपराधिक प्रकरण क्रमांक 147/2025, धारा 64(2)(रू) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण सीएचसी राजपुर में महिला चिकित्सक से कराया गया।वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में आरोपी रितेश मरकाम को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार कर लिया है। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह, सउनि मुन्ना राम टोप्पो, प्रधान आरक्षक प्रदीप यादव, आरक्षक विजय गुप्ता, भदेश्वर पैकराऔर जगनाथ केराम की सराहनीय भूमिका रही।

# प्रेम प्रसंग में मां-बच्चों की हत्या, नदी में दफनाए गए तीन शव बरामद

**- संवाददाता -**
**जशपुर,24 जून 2025 (घटती-घटना)।**

छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है, जहां एक महिला और उसके दो मासूम बच्चों की निर्मम हत्या कर उनके शव को नदी किनारे दफन कर दिया गया। यह सनसनीखेज मामला तपकरा थाना क्षेत्र के साजबाहर पंचायत स्थित उतियाल नदी का है, जहां से सोमवार को मां, पुत्र और पुत्री के शव अलग-अलग स्थानों से बरामद किए गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, चैनपुर निवासी महिला और उसके 12 साल की बेटी व 4 साल के बेटे की हत्या कर शव को नदी किनारे छुपा दिया गया था। इस पूरे मामले का खुलासा तब हुआ जब आरोपी युवक ने शराब के नशे में हत्या की बात स्वीकार की। शुरुआत में लोगों ने इसे नशे में बकवास समझकर नजरअंदाज कर दिया, लेकिन बाद में शक गहराया और इसकी सूचना तपकरा पुलिस को दी गई।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोमवार दोपहर उतियाल नदी में तलाशी अभियान चलाया। नदी किनारे की सागौन बाड़ी से महिला का शव बरामद हुआ,जबकि बच्चों के शव रेत में दबे मिले। महिला के शरीर पर गहरे चोट के निशान पाए गए हैं और घटनास्थल से खून से सना पत्थर भी बरामद किया गया है। फिलहाल आरोपी फरार है,लेकिन उसकी तलाश में पुलिस टीमों को रवाना कर दिया गया है। शुरुआती जांच में प्रेम प्रसंग के चलते हत्या की आशंका जताई जा रही है,हालांकि पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है। तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

इस दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया है,जहां एक मां और उसके मासूम बच्चों को प्रेम-प्रसंग के शक में मौत के घाट उतार दिया गया। पुलिस अब आरोपी की गिरफ्तारी और पूरे मामले की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है।

# बड़ी बहन ने छीना मोबाइल तो बौखलाई 9वीं की छात्रा ने बंद कमरे में लगा ली फांसी

**- संवाददाता -**
**बलरामपुर,24 जून 2025 (घटती-घटना)।**

छत्तीसगढ़ के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले से एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। यहां कक्षा नवमीं की छात्रा ने मोबाइल देखने से मना करने पर स्वयं को कमरे में बंद कर फांसी लगा ली। इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना रामानुजगंज थाना क्षेत्र की है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

जानकारी के मुताबिक, झारखंड पुलिस में पदस्थ अयोध्या सिंह का निवास रामानुजगंज के वार्ड क्रमांक 1 में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे है। यहां उनकी तीन बेटियां और एक बेटा अपनी मां के साथ रहकर पढ़ाई करते हैं।

इसी कड़ी में सोमवार को कक्षा नवमीं में पढ़ रही सुरभि सिंह (14 वर्ष) काफी देर से मोबाइल देख रही थी। सुरभि सिंह की बड़ी बहन बीएससी सेकेंड ईयर की छात्रा पूजा सिंह ने उसे टोका और मोबाइल छोड़कर पढ़ाई करने के लिए कहा। ये बात उसे इतनी नागवार गुजरी कि उसने खुद को मार डालने के फैसला कर लिया और मौत को गले लगा लिया। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। घटना को लेकर परिवार सदमें में है।



### शव देख परिजनों का रो-रो कर हुआ बुरा हाल

बताया जा रहा है कि मोबइल नहीं देखने की बात से मृतिका काफी आहत हुई और करीब पवन घण्टा के बाद रूम नहीं खुला तो। घर के लोगों के द्वारा रूम खुलवाने का प्रयास किया जाने लगा परंतु कोई अंदर से प्रतिक्रिया नहीं आई तो दरवाजा तोड़कर जब देखा तो सभी की आंखें खुली रह गई। वह फांसी से लटक कर आत्महत्या कर ली थी।

सुरभि पढ़ने में बहुत मेधावी छात्र रही है वह कक्षा आठवीं में 85 प्रतिशत लाई थी उसके द्वारा इस प्रकार आत्महत्या कर लिए जाने से घर के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# ई-ऑफिस प्रणाली से होगा शासकीय कामकाज का डिजिटलीकरण

- जिला पंचायत सभाकक्ष में अधिकारियों-कर्मचारियों को मिला तकनीकी प्रशिक्षण

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,24 जून 2025 (घटती-घटना)।**

जिले में शासकीय कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की दिशा में ई-ऑफिस कार्य प्रणाली के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ई-ऑफिस प्रणाली की कार्यप्रणाली, उपयोगिता और तकनीकी पहलुओं पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ई-ऑफिस प्रशिक्षण कार्यशाला दो सत्रों में आयोजित हुई जिसमें प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।





प्रशिक्षण सत्र का संचालन डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं गवर्नेंस विभाग से आए ई-जिला प्रबंधक से मास्टर ट्रेनर्स श्री सैयद साकिब अली एवं जावेद अख्तर द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली का मुख्य उद्देश्य परंपरागत कागजी प्रक्रिया को डिजिटल प्लेटफॉर्म में रूपांतरित कर कार्य संचालन की गति और गुणवत्ता में सुधार लाना है। इससे न केवल निर्णय प्रक्रिया में तेजी आएगी, बल्कि सरकारी तंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी।

उन्होंने प्रशिक्षण सत्र के दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को फाइल प्रबंधन, ई-नोटिंग, ई-डिस्पैच, पत्राचार की प्रक्रिया, दस्तावेजों की डिजिटल ट्रैकिंग, यूजर एक्सेस कंट्रोल और कार्य प्रवाह प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ उन्होंने प्रशिक्षकों को लाइव डेमो के माध्यम से समझाया कि किस प्रकार से ई-ऑफिस का उपयोग दैनिक कार्यों में किया जा सकता है। सैयद साकिब अली ने बताया कि प्रदेश सरकार राज्य के सभी विभागों को पेपरलेस करने के साथ सरकारी सेवाओं को डिजिटल माध्यम से आम नागरिकों तक त्वरित पहुंच सुनिश्चित बनाने को लेकर प्रतिबद्ध है। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक ने कहा कि अब शासकीय दफ्तरों का कार्य पेपरलेस होने जा रहा है इसके ई-ऑफिस कार्यप्रणाली को शासन द्वारा लागू किया जा गया है। इससे सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्व को सुनिश्चित करेंगे। इस क्रांतिकारी पहल से पूरानी परंपरा खत्म होगी और शासकीय कार्यालय का कार्य ऑनलाइन ई-ऑफिस के माध्यम से सुनिश्चित होगा। इस प्रशिक्षण से ऑनलाइन कार्य के दौरान क्या-कैसे सावधानी बरतनी है और अपने उत्तरदायित्वों को सुनिश्चित करना है।

प्रशिक्षण सह कार्यशाला में जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्री जियाउर रहमान, ई-प्रबंधक श्री वैभव सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# 2028 विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा से बैकुंठपुर विधानसभा के लिए योगेंद्र मिश्रा एक अच्छा विकल्प हो सकते हैं?

**श्रमिक नेता होने की वजह से जनाधार तो है ही,सामाजिक क्षेत्रों में भी वह काफी दखल रखते हैं**

**युवाओं में एक अलग छाप छोड़ रहे हैं,वहीं हर पंचायत स्तर पर अपने आप को मजबूत करने का प्रयास करते दिख रहे हैं...**

**क्या वह भी नौकरी छोड़कर 2028 में विधानसभा चुनाव में अपना किस्मत आजमाना चाह रहे हैं?**







-न्यूज डेस्क-

कोरिया,24 जून 2025 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले में भाजपा में एक नया चेहरा आजकल काफी लोकप्रिय होता चला जा रहा है जो हर क्षेत्र में हर सामाजिक सार्वजनिक कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है और लोकप्रियता का प्रतिदिन नया पायदान वह चढ़ते चले जा रहे हैं,यह चेहरा नया वैसे तो भाजपा के लिए नहीं है न ही क्षेत्र के लिए ही नया है,यह भाजपा में जिले के हिसाब से लोकप्रियता बटोरने के मामले में नया है जिसे लेकर अब यह भी बातें होने लगी हैं कि 2028 विधानसभा चुनाव के लिए यह बैकुंठपुर से भाजपा का चेहरा या प्रत्याशी हो सकते हैं विकल्प हो सकते हैं। श्रमिक नेता के रूप में पहचान रखने वाले कटकोना निवासी योगेन्द्र मिश्रा का नाम आजकल काफी सुर्खियों में है भाजपा कोरिया में और इन्हें लेकर लोग यह भी अटकलें लगा रहे हैं कि इनकी बढ़ती सक्रियता सामाजिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों में बढ़ती भागीदारी इनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा है जो विधानसभा जाने तक की हो सकती है। वैसे जिस हिसाब से यह कार्यक्षेत्र के बाद सामाजिक सार्वजनिक कार्यक्रमों आयोजनों के लिए समय निकाल रहे हैं हर जगह पहुंच रहे हैं ऐसा कहना गलत नहीं की यह खुद को 2028 के लिए भाजपा उम्मीदवार के रूप में पार्टी के सामने पेश न करें।




योगेंद्र मिश्रा पहले कभी कभार बैठकों में पार्टी के नजर आ जाते थे अब वह शायद ही किसी बैठक से नदारद रहते हों,वैसे भाजपा में कुछ भी मुमकिन है और योगेन्द्र मिश्रा 2028 में भाजपा बैकुंठपुर के लिए चेहरा घोषित हो जाएं इसमें भी संदेह नहीं क्योंकि भाजपा अप्रत्याशित निर्णय के लिए जानी जाती है। भाजपा हमेशा से खुद के सर्वे जो जमीनी कार्यकर्ताओं के माध्यम से सामने आता है के भरोसे चुनाव में प्रत्याशी तय करती है और इस मामले में योगेन्द्र मिश्रा का मामला फिट बैठता है क्योंकि वह जमीनी अपना आधार बेहतर बनाते नजर आ रहे हैं। योगेंद्र मिश्रा हर धार्मिक आयोजनों में पहुंच रहे हैं एक बड़ी टीम वह गठित करके पहुंच रहे हैं और वहीं वह सामाजिक कार्यक्रमों पार्टी कार्यक्रमों में भी अपनी धमक जमा रहे हैं, आज कोरिया जिले में भाजपा नेताओं के हिसाब से पूरे विधानसभा में वह अपनी पकड़ मजबूत कर रहे हैं खासकर पटना क्षेत्र उनका मुख्य लक्ष्य है जिसे वह हमेशा ध्यान में रखकर चल रहे हैं क्योंकि यह चुनाव में निर्णायक क्षेत्र साबित होता है। उनके टीम के सदस्य भी सोशल मीडिया में उनके लिए काफी कुछ प्रयास कर रहे हैं उन्हें सुर्खियों में बनाए रखने सोशल मीडिया में सक्रिय हैं, योगेंद्र मिश्रा हर मोर्चे पर तैयार नजर आ रहे हैं जो एक प्रत्याशी के लिए अनिवार्य होता है।

## रक्तदान दिवस के दिन होता है इनका जन्मदिवस, सामूहिक रक्तदान शिविर का कराते हैं आयोजन

योगेन्द्र मिश्रा का जन्मदिवस रक्तदान दिवस के दिन पड़ता है, इस दिन को भी वह अपने लिए सुर्खियों का मामला बनाते हैं, इस दिन वह सामूहिक रक्तदान शिविर का आयोजन करते हैं जिसमें खुद रक्तदान करते हैं और युवाओं का आह्वान कर उनसे भी रक्तदान करवाते हैं, युवा समर्थक भी योगेन्द्र मिश्रा के इस मामले में उनके साथ कंधा से कंधा मिलाते नजर आते हैं और इस दिवस रक्तदान कर उनके जन्मदिवस को भी यादगार बनाते हैं और उनकी ख्याति में भी इजाफा करते हैं।

## श्रमिक नेता होने की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों में योगेंद्र मिश्रा पहचान के मोहताज नहीं

योगेंद्र मिश्रा एसईसीएल में कार्यरत हैं और वह श्रमिक नेता हैं,श्रमिक नेता होने की वजह से वह पहचान के मोहताज नहीं हैं, ग्रामीण क्षेत्रों से खासकर बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों मजदूर एसईसीएल में काम करने आते हैं जो सभी योगेंद्र मिश्रा को बखूबी पहचानते हैं। योगेंद्र मिश्रा की ग्रामीण क्षेत्रों में पहचान भी उनके लिए फायदेमंद साबित होगी यदि भाजपा उनको लेकर प्रत्याशी बनाने का सोचती है।


## हिंदूवादी छवि बनाने के लिए भी योगेन्द्र मिश्रा कर रहे हैं प्रयास,संगठन बनाकर युवाओं को साथ जोड़ने का चला रहे हैं अभियान

योगेंद्र मिश्रा भाजपा का बैकुंठपुर विधानसभा प्रत्याशी बनने के लिए आतुर नजर आते हैं और इसकी पुष्टि इस बात से भी होती है कि वह हिंदूवादी छवि बनाने के लिए प्रयासरत हैं,वह संगठन बनाकर युवाओं को जोड़ने में लगे हैं और एक धार्मिक संगठन उन्होंने बनाया भी है,यह संगठन युवाओं को साथ लेकर अन्य युवाओं को अपने साथ जोड़ने के अभियान में लगा हुआ है, यह संगठन प्रतिदिन बढ़ता चला जा रहा है और इसमें युवाओं की बड़ी संख्या जुड़ रही है।



# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरिया द्वारा नालसा संचालित जागृति संवाद व डॉन साथी एवं आशा योजना के संबंध में कार्यशाला का आयोजन

**कोरिया,एमसीबी जिले के प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी एवं विधिक अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ आयोजन**




-संवाददाता-

कोरिया,24 जून 2025 (घटती-घटना)।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा संचालित राष्ट्रीय योजना 2025 के तहत जमीनी स्तर पर सूचना और पारदर्शिता पहल के लिए नए जागरूकता जागृति योजना,हासिये पर पड़े कमजोर आदिवासियों और विमुक्त, घुमंतू जनजातियों के लिए न्याय तक पहुंच को मजबूत बनाने हेतु संवाद योजना और ड्रग जागरूकता तथा कल्याण नेविगेशन नशा मुक्त भारत के लिए विशेष डान योजना एवं आशा योजना जो बाल विवाह रोकथाम के लिए लाई गई है, साथ ही निराश्रित बच्चों के लिए आधार कार्ड व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य लाई गई योजना साथी योजना के ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मोहम्मद रिजवान खान के मार्गदर्शन व नेतृत्व में जिला एवं सत्र न्यायालय बैकुंठपुर के सभागार कक्ष में किया गया। इन योजनाओं के तहत जिला प्रशासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दोनों समन्वय स्थापित कर हर व्यक्ति तक विधिक सहायता पहुंच बनाने का इसका मुख्य उद्देश्य है। यह अवगत कराया गया। इन योजनाओं के तहत गठित यूनिट में प्रत्येक विभाग के लिए भूमिका निर्धारित की गई है, इन राष्ट्रीय योजनाओं के अंतर्गत माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश योजना के अध्यक्ष होते हैं, तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नोडल आधिकारिक रूप में कार्य करते हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत गठित यूनिट में जिला दंडाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक तथा मुख्य कार्यपालिका अधिकारी जिला पंचायत मुख्य कार्यपालिका अधिकारी नगर पालिका,शिक्षा विभाग, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग,मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी,जिला बाल संरक्षण ईकाई,शिक्षा अधिकारी, किशोरी इकाई,औषधि नियंत्रण अधिकारी,मनोचिकित्सक एवं पैनल अधिवक्ता एलईडीसीएस एवं अधिकार मित्र,ग्राम पंचायत के सरपंच को शामिल किया गया है। उक्त कार्यशाला में कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी एवं कलेक्टर एमसीबी श्री डी के राहुल वेंकट एवं पुलिस अधीक्षक कोरिया श्री रवि कुमार कुर्रे, पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्री चंद्र मोहन सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती साक्षी दीक्षित,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा एवं यूनिट के अन्य सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित हुए। उक्त कार्यक्रम में माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि नालसा द्वारा संचालित योजनाओं को व्यापक प्रचार प्रसार व हर एक व्यक्ति में जागरूकता बनाए जाने हेतु समस्त विभागों का एक प्लेटफार्म पर एकत्रित किया गया है। जिला बैकुंठपुर, जिला एमसीबी के कलेक्टर के द्वारा प्रशासनिक सहयोग एवं समन्वय का आश्वासन दिया गया।

# सूरजपुर पुलिस का साइबर फ्रॉड गिरोह पर कड़ा प्रहार

**म्यूल खातों से 1,51,463 रूपये का ट्रांजेक्शन,म्यूल एकाउन्ट गिरोह को बैंक खाता,एटीएम व सीम उपलब्ध कराने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार, अब तक म्यूल अकाउंट के 10 मामले में 31 आरोपियों को किया गया है गिरफ्तार**



-संवाददाता-

सूरजपुर,24 जून 2025 (घटती-घटना)।

सूरजपुर पुलिस ने साइबर ठगों के नेटवर्क में शामिल 2 आरोपियों को पकड़ा है। ये आरोपी साइबर ठगों के लिए म्यूल बैंक अकाउंट, एमटीएम कार्ड उपलब्ध कराते थे। इसके साथ ही साइबर ठगों को मोबाइल सिम भी उपलब्ध कराते थे। इनके ऐसे बैंक अकाउंट की पहचान की गई है, जिसमें 1,51,463 लाख रूपये से अधिक का ट्रांजेक्शन हुआ है।

भारतीय सायबर अपराध समन्वय केन्द्र (आई फोर सी) द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल (ज्वाईट साइबर क्राईम कार्डिनेशन टीम मैनेजमेंट इन्फारमेंशन सिस्टम) में स्थित विभिन्न बैंक शाखाओं में संचालित लेयर-1 पर कार्यवाही करने के संबंध में पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ से शिकायत प्राप्त हुआ जिसमें म्यूल अकाउंट खाता धारक रन्तू कुमार पिता गुदीचा उम्र 30 वर्ष निवासी गोविन्दपुर कुम्दा कालोनी थाना विश्रामपुर का बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एकाउंड शामील थे।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने ऑनलाईन सायबर फाड के शिकायतों का गंभीरता से लेते हुए शिकायत की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो से कराया। जांच उपरान्त साइबर फाड से संबंधित शिकायत में बैंक ऑफ महाराष्ट का खाता रन्तु कुमार के नाम से होने पर उसके विरूद्ध थाना सूरजपुर में अप0 क्र0 302/2025 धारा 420, 413,120 (बी) भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

विवेचना के दौरान थाना सूरजपुर पुलिस ने पाया कि म्यूल एकाउंट खाता धारक रन्तू कुमार के खाते में अलग अलग राज्य से संबंधित सायबर क्राईम में ठगी की गई रकम करीब 1,51,463/- रूपये का लेन-देन किया गया है, आरोपी रन्तू ने बताया कि उसका पड़ोसी सुरेश कुमार पिता रामअवतार उम्र 44 वर्ष निवासी कुम्दा कालोनी के द्वारा इसके नाम पर मोबाईल सीम लिया और बैंक खाता खोलवाया इसमें लगने वाला रकम को वहीं दिया था। खाता खुलने के बाद बैंक खाता पासबुक, एटीएम, मोबाईल सीम को ले लिया था जिसके बाद पुलिस ने सुरेश कुमार को दबिश देकर पकड़ा गया। पूछताछ पर इसने बताया कि वह अपना और रन्तु का बैंक पासबुक, एटीएम व मोबाईल सीम एक अन्य व्यक्ति को दिया है। विभिन्न राज्यों में साइबर फाड करने वाले सायबर फाड गिरोह के सदस्य को बैंक एकाउन्ट,एटीएम एवं मोबाईल सीम उपलब्ध कराने पर आरोपी रन्तू कुमार स्वई एवं सुरेश कुमार निवासी कुम्दा कालोनी थाना विश्रामपुर को गिरफ्तार किया गया है। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो,सीएसपी एस.एस.पैंकरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, एसआई मनोज सिंह,एएसआई बिरेन्द्र यादव, आरक्षक मनीष साहू, विनोद सारथी व प्रेमसागर साहू सक्रिय रहे।

अब इतनी हुई कार्यवाही। जिले की पुलिस ने अब तक साइबर अपराध म्यूल अकाउंट के 10 मामले में 31 आरोपी को गिरफ्तार किए है जिनके बैंक खातों के ट्रांजेक्शन पर 1 करोड़ रूपये से अधिक का संदिग्ध ट्रांजेक्शन का खुलासा हुआ। साइबर अपराध म्यूल अकाउंट मामलों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए सूरजपुर पुलिस ने अब तक विभिन्न थानों में पंजीबद्ध 10 मामलों में 31 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खातों की डिटेल खंगालने पर 1 करोड़ रूपये से अधिक का ट्रान्जेंक्शन की जानकारी सामने आई है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ एवं बैंक डिटेल के आधार पर खुलासा हुआ है कि साइबर ठगों के द्वारा केरल, हिमान्चल प्रदेश, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, ओड़िसा, गुजरात, जम्मू कश्मीर, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, तमिलनाडू, राजस्थान, झारखण्ड, हरियाणा, तेलंगाना, कर्नाटक के विभिन्न जिलों से ठगी की रकम इन आरोपियों के खातों में ट्रांसफर कर आहरण किया गया है। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने जिले में साइबर अपराध म्यूल अकाउंट के मामले में तेजी से कार्यवाही एवं विवेचना के लिए एक टीम भी गठित किया है।

## ताबड़तोड़ कार्यवाही कर पुलिस ने 12 स्थायी वारंट एवं 89 गिरफ्तारी वारंट तामील कर गिरफ्तार किया

-संवाददाता-

कोरबा,24 जून 2025 (घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नकेल कसने तथा अरसे से फरार स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटियों की तामिल के निर्देश के बाद जिला कोरबा के सभी थानों में वारंटियों के गिरफ्तारी की ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई। विगत दो दिवस के भीतर विभिन्न थानों में 12 स्थाई तथा 89 गिरफ्तारी वारंटियों सहित कुल 101 अरसे से फरार अपराधियों को गिरफ्तार कर अलग-अलग न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस के इस कार्यवाही से अपराधियों में अफरा तफरी मच गई है। अभियान मे थाना उरगा, कोतवाली, बालको, पाली, दर्री, करतला, हरदीबाजार, कुसमुंडा, दीपका, बांकीमोंगरा, सिविल लाइन रामपुर, कटघोरा तथा बांगो और पुलिस चौकी कोरबी, जटगा, मोरगा, मानिकपुर एवं CSEB में वारंटो की तामिली हुई। अभियान के तहत थाना उरगा,बांकीमोंगरा और बाल्को ने अधिक वारंट तामिल किये गए है । पुलिस अधीक्षक ने स्थाई वारंट तमिल करने वाले पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत किए जाने की घोषणा करते हुए बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा ।

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-3 ,जिला-सरगुजा,(छ0ग0)**

रा.प्र.क्र.202506022900008 /ब 121 /2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुनिता सोनी आ0 उत्तम सिंह सोनी,निवासी ग्राम निवासी ग्राम राजपुर,तहसील राजपुर, जिला बलरामपुर छ0ग0 द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम मायापुर तहसील अंबिकापुर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 15/4 रकबा 0.020 हे0 भूमि को अनावेदिका चचंल सोनी आ0 अशोक कुमार सोनी निवासी जशपुर तहसील व जिला जशपुर छ0ग0 के पास दान करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 17.07.2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी

सील — नायब तहसीलदार ,अंबिकापुर-03

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर जिला सरगुजा ,छ0ग0**

रा.प्र.क्र. /ब -121 /2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आरती ठाकुर पति अशोक ठाकुर निवासी दर्रीपारा अंबिकापुर तहसील अंबिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम हर्राटिकरा स्थित खसरा नंबर 1/79 रकबा 0.033 हे0 भूमि में से रकबा 0.014 हे0 भूमि को अनावेदक योगेश कुमार ठाकुर आ0स्व0 रामनाथ ठाकुर निवासी ग्राम सनावल तहसील रामचन्द्रपुर जिला बलरामपुर रामानुजगंज के पास अंकन राशि रूपये 10,00,000 /में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है,जो जांच एंव प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 09/07 /2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06/05/2025को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी

सील — तहसीलदार अंबिकापुर सरगुजा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर जिला सरगुजा.(छ0ग0)**

रा.प्र.क्र. /अ-2/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है,कि आवेदक मनीष कुमार दत्ता पिता राजकुमार दत्ता,सौरभ कुमार दत्ता पिता प्रशांत कुमार दत्ता निवासी फुन्दुरडिहारी तहसील अंबिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 द्वारा निवेदन किया गया है, कि उसके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम फुन्दुरडिहारी तहसील अंबिकापुर खसरा नंबर 334/8,रकबा 0.078 हे0 भूमि जिसे उसने दिनांक 29/09/2000 को सुरेश चन्द्र दत्ता आ0 मनमोहन दत्ता निवासी फुन्दुरडिहारी तहसील अंबिकापुर के द्वारा वासीयतनामा पत्र से प्राप्त हुआ है, तथा जो भूमि वर्ष 1983-84 में सुरेश चन्द्र दत्ता आ0 मनमोहन दत्ता के नाम से व्यपवर्तित हो चुकी है, उक्त भूमि का पुर्ननिधारण के लिए आवेदन पत्र बी-1, खसरा व्यपवर्तन प्रमाण पत्र, वासीयतनामा की छायाप्रति संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबधं में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो,तो निर्धारित सुनवाई तिथि 06/07/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी ।

सील — अनुविभागीय अधिकारी अम्बिकापुर

**कार्यालय,कलेक्टर (आदिवासी विकास )अंबिकापुर ,जिला-सरगुजा छ0ग0**

**द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक -/ निर्माण/ आ.वि./2025/1562 अंबिकापुर दिनांक: 18/06/2025

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग जिला- सरगुजा अन्तर्गत निम्नानुसार कार्यो हेतु ई-टेडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर दिनांक 29.06.2025 तक ऑनलाईन द्वितीय निविदा आमंत्रित की जाती है।

| ऑनलाईन निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | निविदा की राशि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 170246 | पीव्हीटीजी हेतु बहुउद्देशीय केन्द्र का निर्माण बस्ती लोटापानी ग्राम-कतकालो वि.ख.मैनपाट | 57,23,460-00 |
| 170247 | पीव्हीटीजी हेतु बहुउद्देशीय केन्द्र का निर्माण बस्ती गटिटकोना ग्राम -कोट,वि.ख.मैनपाट | 57,23,460-00 |
| 170248 | पीव्हीटीजी हेतु बहुउद्देशीय केन्द्र का निर्माण बस्ती बागडोली ग्राम-राजपुरी वि.ख.सीतापुर | 57,23,460-00 |

निविदा की सामान्य शर्ते एवं अन्य जानकारी वेबसाईट https;//eproc.cgstate.govin/ में देखी जा सकती है।

जी नंबर-252601712/1 — सहायक आयुक्त आदिवासी विकास अंबिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202506020700208**

विषय:अ-27 मामले की श्रेणी:राजस्व सन:2024-2025

लब्जी ( प.ह.नं.00027)

पक्षकारों का विवरण:-

आवेदकपक्षकार-पुरषोत्तम,गोकुल राम,पनमेश्वर राजवाड़े

अनावेदक पक्षकार-पुरषोत्तम,गोकुल राम पनमेश्वर राजवाड़े

**ईश्तहार**

आवेदक गोकुल राजवाड़े आ0 रंजीत राजवाड़े निवासी ग्राम लब्जी तहसील अंबिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम लब्जी स्थित कुल खसरा नंबर 22 कुल रकबा 3.790 हे0 भूमि को उभयपक्ष के मध्य में 1/3 अंश में बटवारा किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबधं में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 21.07.2025 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एंव पदमुद्रा से आज दिनांक 19/06/2025 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार अंबिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक:, 2025060207002207**

विषय:-अ-27 मामले की श्रेणी:-राजस्व सन्:-2024-25

अम्बिकापुर प.ह.नं.00015 [(हे0)]

पक्षकारों का विवरण:-

आवेदक पक्षकार-तारनी देवी,

अनावेदक पक्षकार-तारनी देवी,

**ईश्तहार**

आवेदिका तारनी देवी पति मोती प्रजापति,निवासी मायापुर,अंबिकापुर,तहसील अंबिकपुर,जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम अंबिकापुर स्थित खसरा नंबर 2238/15 .2238/22 रकबा कमशः0.020,0.012 हे0 भूमि को अपने जीवनकाल में अपने वारिसानों के मध्य में बटवारा किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबधं में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 21.07.2025 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/06/2025 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार अंबिकापुर

# वाह रे! पार्षद पति भाजपाई ठेकेदार,पितृपुरुष की याद में बनाये जा रहे अटल परिसर को तक नहीं छोड़ा?

**भाजपा पार्षद पति के गुणवत्ताविहीन कार्य से भाजपा के पितृपुरुष भी नहीं बच पाए,अनावरण से पहले ही अटल जी की प्रतिमा नीचे गिरते-गिरते बची...**

**घटिया निर्माण के कारण उद्घाटन के पहले ही गिर रही थी पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की आदमकद प्रतिमा**

**राज्य सरकार सभी निकायों में करवा रही है अटल परिसर का निर्माण**

**नगर पालिका क्षेत्र के अधिकांश निर्माण कार्य का ठेका पार्षद पति ठेकेदार को मिलना सवालिया निशान**

**क्या नगर पालिका अध्यक्ष के पति का खास होना ठेकेदार के लिए फायदेमंद साबित हो रहा?**







- रवि सिंह-

कोरिया,24 जून 2025 (घटती-घटना)।

बैकुंठपुर नगर पालिका में इस समय कोई सबसे ज्यादा सुर्खियों में है तो वह है नगर पालिका अध्यक्ष पति के करीबी व भाजपा पार्षद के पति रजनीश गुप्ता उनके निर्माण कार्यों की जांच करने से पहले अधिकारी अपने आंखों पर काली पट्टी बांध लेते हैं, काली पट्टी बांधकर ही जांच कर उनके कार्यों का भुगतान कर देते हैं,ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि उनके सभी कार्यों की गुणवत्ता विहीन होने के बाद भी भुगतान पूरे हो जाते हैं,अभी ताजा मामले पर यदि बात की जाए तो भाजपा सरकार के सबसे प्रसिद्ध प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की याद में हर नगर पालिका क्षेत्र में अटल परिसर बनाया जा रहा है और बैकुंठपुर में ऐसे भ्रष्ट ठेकेदार के हाथों में इसका जिम्मा सौंप दिया गया है कि वह मूर्ति अनावरण से पहले ही नीचे गिरने लगी, रजनीश गुप्ता ठेकेदार की गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य से स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई भी नहीं बच पाए, यह कहना गलत नहीं होगा। सत्ता के द्वारा नगर पालिका में किया गया सारे कार्यों में भ्रष्टाचार साबित हो जाएंगे पर ऐसा होगा नहीं क्योंकि रजनीश गुप्ता के निर्माण कार्यों की जांच करने की हिम्मत किसी अधिकारी है नहीं? वैसे अब स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी की मूर्ति गिरने की जांच होती है या नहीं यह भी देखने वाली बात होगी, वैसे यह मामला काफी बड़ा है, प्रदेश स्तर तक जा सकता है और भाजपा सरकार की किरकिरी भी हो सकती है।

पूरी जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के बैकुंठपुर नगर पालिका क्षेत्र में उपभोक्ता फोरम न्यायालय के बगल में अटल परिसर का निर्माण हो रहा था जो निर्माण भाजपा पार्षद पति रजनीश गुप्ता के द्वारा किया जा रहा था इस काम की शुरुआत में भी विवाद हो चुका था,फिर भी इस काम को इन्होंने ही करने की ठान ली थी, उन्होंने अटल परिसर को बना दिया था और इसका अनावरण कुछ दिनों में होना था पर पिछ्ले तीन दिनों से कोरिया जिले में हो रही बारिश ने उनके निर्माण कार्य की गुणवत्ता की पोल खोल कर रख दी, परिसर बनकर कंप्लीट था मूर्ति भी वहां पर स्थापित हो चुकी थी बस उसका अनावरण होना बचा था, इसी बीच अचानक जमीन धसक गई और मूर्ति टेढ़ी हो गई और गिरने वाली ही थी की मूर्ति, जिसकी जानकारी किसी ने ठेकेदार को दे दी और उसने तत्काल जेसीबी बुलाकर जमीन पर गिरने ही जा रही मूर्ति को हटवाया, नहीं तो मूर्ति गिरकर टूट भी सकती थी। स्वर्गीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की मूर्ति के साथ इतनी बड़ी घटना होना एक बड़ी बात है और यह भ्रष्ट काम की पोल भी खुलने वाला मामला है अब इतने बड़े मामले में कार्यवाही किस तरह की होती है यह भी देखने वाली बात होगी क्या संज्ञान इस पर लिया जाएगा या फिर नगर पालिका अध्यक्ष पति इन्हें बचा ले जाएंगे?

## पार्षद पति के निर्माण कार्यों की आखिर गुणवत्ता निरीक्षण रिपोर्ट कौन दे रहा है?

भाजपा पार्षद पति बैकुंठपुर नगर पालिका में सबसे ज्यादा निर्माण कार्य कर रहे हैं,पार्षद पति के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता भगवान भरोसे है,इन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता खराब है यह जिम्मेदार भी जानते हैं लेकिन कोई कुछ नहीं कहता, गुणवत्ता विहीन होने के बाद भी पार्षद पति के निर्माण कार्यों का मूल्यांकन हो रहा है भुगतान हो रहा है,गुणवत्ता नहीं होने के बावजूद निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सही बताई जा रही है और यही वजह है कि भुगतान लगातार हो रहा है,अब मूल्यांकन कौन कर रहा है यह भी सवाल है जो आंख पर पट्टी बांधकर ऐसे निर्माण कार्यों को सही करार दे रहा है जो कुछ दिनों में ही धराशाई हो जाएगी।

## जगह-जगह घटिया निर्माण की खुल रही पोल पर कार्यवाही करेगा कौन?

बैकुंठपुर नगरपालिका की एक पार्षद के पति को पूरे नगर पालिका में निर्माण कार्यों की एकतरफा छूट मिली हुई है,अधिकांश निर्माण कार्य एक अकेले व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है,निर्माण कार्य भी ऐसा किया जा रहा है जिसपर प्रतिदिन सवाल उठ रहे हैं लेकिन जिम्मेदार मौन हैं, सड़क निर्माण में डेढ़ दो इंच तक की सड़क ढाली जा रही है वहीं सड़क में गिट्टी नाम की चीज नजर नहीं आ रही है, नाली निर्माण में छड़ गायब है या कम है या फिर वहां भी गिट्टी सीमेंट बालू का खेल हो रहा है, अब नया मामला स्वर्गीय अटल जी की प्रतिमा स्थापना वाला,प्रतिमा अनावरण से पहले ही निर्माण कार्य की पोल खुल गई,अब सवाल यह है कि क्या अब भी पार्षद पति के द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों की जांच होगी या फिर यह मामला भाजपा पितृपुरुष के नाम पर किया गया भ्रष्टाचार भी दबा लिया जाएगा, वैसे कार्यवाही करेगा कौन क्योंकि पार्षद पति को अध्यक्ष का संरक्षण मिला हुआ है और यही वजह है कि वह केवल रेत से भी महल बना दें तो कोई कुछ नहीं कहेगा वह मामला निपट जायेगा।

## इस इंजीनियर को बुलाने का हो रहा प्रयास

सूत्रो का दावा अपने ख़ास सब इंजीनियर मनोज पटेल को फिर से बैकुंठपुर लाने प्रयासरत है पार्षद पति ठेकेदार जबकि ज़्यादा दिन नहीं हुआ है उन्हें यहाँ से गए हुए,यह इंजीनियर पार्षद पति के निर्माण कार्यों को तत्काल मूल्यांकित करते हैं और वह रेत से ढली सड़क भी यदि हो भुगतान हो जाता है,पार्षद पति का पूरे पालिका क्षेत्र का निर्माण कार्य निम्नस्तरीय है और जिसकी जांच होने पर बड़ा खेल समझ में आएगा,सड़क नाली सहित अन्य सभी निर्माण यदि जांच के दायरे में आएं तो मामला एक बड़े झोलझाल का सामने आयेगा जिसमें यह समझा जा सकेगा कि अपनी जेब भरने नगर के लोगों के निस्तार मामले से ही समझौता किया गया है।

## क्या बैकुंठपुर के भाजपा पार्षद पति ठेकेदार को गुणवत्ता विहीन कार्य करने की खुली छूट मिली हुई है?

बैकुंठपुर नगर पालिका की एक पार्षद के पति नगर पालिका के सबसे बड़े ठेकेदार बन बैठे हैं,यह ठेकेदार अधिक से अधिक निर्माण कार्य प्राप्त करने वाले ठेकेदार हैं और इन्हें मनचाहा निर्माण कार्य किसी भी हालत में मिलता भी है, इनका निर्माण कार्य गुणवत्ता मामले से दूर रहता है और वह केवल एक ढांचा होता है जिसका भविष्य लंबा नहीं है यह सभी जानते हैं यहां तक कि नगर पालिका के जिम्मेदार भी लेकिन वह मौन रहते हैं, गुणवत्ता विहीन कार्य करने के उपरांत भी ठेकेदार का न तो भुगतान रुकता है न ही उनका कार्य मूल्यांकन कर्ता द्वारा रुकवाया जाता है,एक तरह से उन्हें खुली छूट मिली हुई है भ्रष्टाचार की यही समझ में आता है, क्या ऐसा सही है, क्या गुणवत्ता मामले से पार्षद पति ठेकेदार का कोई वास्ता नहीं है।

## अजय कुमार तिवारी को मिली पीएचडी की उपाधि

-संवाददाता-

सूरजपुर,24 जून 2025 (घटती-घटना)।



अजय कुमार तिवारी को 'हरिशंकर परसाई के साहित्य में चित्रित मध्यवर्गीय चेतना का अनुशीलन' शीर्षक पर शोध कार्य पूर्ण करने पर संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, सरगुजा, अंबिकापुर के द्वारा पी-एच डी की उपाधि प्रदान की गई है। वर्तमान में श्री तिवारी शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में सहायक प्राध्यापक (हिंदी) के पद पर पदस्थ हैं। वे एम. ए., बी. एड., एल. एल. बी. की डिग्री धारित करते हैं तथा छत्तीसगढ़ एवं झारखंड राज्य पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण हैं। उन्होंने अपना शोध कार्य स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, अंबिकापुर के हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नीलाभ कुमार के निर्देशन में शोध केंद्र राजमोहिनी देवी शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर से पूर्ण किया है। श्री तिवारी का शोध विषय हरिशंकर परसाई के साहित्य में समाज के मध्यम वर्ग की चित्रित समस्याओं एवं चुनौतियों पर गंभीर चिंतन प्रस्तुत करता है तथा भारतीय समाज के ताने-बाने में मध्यम वर्ग की स्थिति को प्रदर्शित करता है। श्री तिवारी ने अपनी इस उपलब्धि पर अनवरत सहयोग के लिए सिलफिली महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. रामकुमार मिश्र, वरिष्ठ साहित्यकार तथा पूर्व प्राध्यापक डॉ. श्यामसुंदर दुबे, शोध निर्देशक डॉ. नीलाभ कुमार, शासकीय महाविद्यालय सिलफिली के सभी प्राध्यापकों तथा अपने परिवार के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपना शोध प्रबंध अपनी माता श्रीमती (स्व.) दुलारी देवी तथा पिता श्री (स्व.) शिवकुमार तिवारी को समर्पित किया है। श्री तिवारी की इस उपलब्धि पर शासकीय महाविद्यालय सिलफिली के प्राचार्य श्री अमित सिंह बनाफर, समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## जिला चिकित्सालय में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान किया गया आयोजन

-संवाददाता-

सूरजपुर,24 जून 2025 (घटती-घटना)।

राज्य शासन के निर्देशानुसार मातृत्व मृत्यु में कमी लाने एवं उपचार, परामर्श हेतु जिला चिकित्सालय सूरजपुर में 09 एवं 24 जून को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया गया। जिसके तहत डॉ0 प्रतिमा भगत, स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं समस्त टीम के द्वारा आज 61 गर्भवती माताओं का पंजीयन किया गया। जिसमें से 14 माताएं उच्च जोखिम वाली थी। गर्भवती माताओं का सभी आवष्यक जांच, सोनोग्राफी एवं औषधि प्रदान की गई। साथ ही गर्भवती माताओं को खान-पान, आराम एवं आयरन, कैल्शियम, प्रोटीन पाउडर की दवाइयों के फायदे भी काउंसलिंग के दौरान बताये गये तथा सुरक्षित संबंध बनाना, संस्थागत प्रसव, परिवार नियोजन एवं स्तनपान के बारे में परामर्श दिया गया। आयोजन के दौरान निरीक्षण हेतु राज्य स्तरीय टीम डॉ0 अक्षय शक्ति तिवारी (प्रोग्राम ऑफिसर यूनिसेफ),श्री नितिष परगनिहा (राज्य सलाहकार) के साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन,आवासीय चिकित्सा अधिकारी,अस्पताल प्रबंधक,जिला आर.एम.एन.सी.एच. सलाहकार, डी.पी.एच.एन.ओ. उपस्थित थे।

**रेणुका दीदी के फैंस क्लब ग्रुप में रहना होगा तो दीदी दीदी ही कहना होगा...**

# जो रेणुका दीदी का विरोध करेगा उसके किसी भी पोस्ट को ग्रुप में जगह नहीं है...किसने कहा?

**एक भाजपा कार्यकर्ता के जन्मदिन पर रेणुका दीदी फैंस क्लब ग्रुप में किसी ने डाला बधाई संदेश तो विधायक समर्थित ने उस बधाई संदेश को किया डिलीट...तब शुरू हुआ जंग**




-शमरोज खान-

सूरजपुर/कोरिया,24 जून 2025 (घटती-घटना)।

राजनीति भी गजब की चीज है और सत्ता मिल जाए तो और भी गजब हो जाती है,जब मामला एक ही पार्टी के लोगों के बीच का हो तो फजीहत भी सत्तापक्ष की ही होती है कुछ ऐसा ही मामला भरतपुर सोनहत विधानसभा का सामने आया है जहां पर भाजपा दो गुटों में बट गई है,एक तरफ विधायक समर्थित लोग है तो दूसरी तरफ पार्टी समर्थित लोग, इन दोनों के बीच एक अनोखी जंग छिड़ी हुई है,अभी छिड़ी जंग की वजह क्या है यह बात भी किसी से छुपी नहीं है पर अभी ताजा मामले में बात किया जाए तो विधायक रेणुका दीदी के फैंस क्लब ग्रूप में एक जन्मदिन का पोस्ट करना ही बेवजह जंग की वजह बन गई है। इसके बाद यह सवाल उठता है कि क्या भरतपुर सोनहत विधानसभा में सत्ता और संगठन के बीच ताल मेल नही बैठ पा रहा है? क्या संगठन के लोग धीरे धीरे सत्ता से किनारे किये जा रहे हैं? क्या जिन कार्यकर्ताओ के कड़े परिश्रम से सरकार अस्तित्व में आई उन्हें अब दरकिनार कर दिया गया है? यह अहम सवाल बनता जा रहा है, ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि सोशल मीडिया के वाट्सअप ग्रूप में अब संगठन के लोगो के जन्म दिन के बधाई संदेश भी अब मिटा दिए जा रहे हैं। ऐसा ही एक और मामला देखने को मिला जिससे सोनहत मण्डल की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है।

दरअसल रेणुका सिंह फैन्स क्लब सोनहत नाम के एक वाट्सअप ग्रूप में भाजपा के कद्दावर युवा नेता और मण्डल महामंत्री मनोज साहू के जन्म दिन का बधाई संदेश डाला गया था जिसे डिलीट करा दिया गया,बधाई संदेश पोस्ट करने वाले कार्यकर्ता ने जब वाट्सअप ग्रूप में सवाल किया कि आखिर मनोज साहू जी के जन्दिन का बधाई संदेश क्यों डिलीट किया गया है, तो डिलीट करने वाले सदस्य ने जवाब दिया कि ये ग्रूप रेणुका दीदी के फैंस का ग्रूप है जो रेणुका दीदी का विरोध करेगा उसके किसी भी पोस्ट को ग्रूप में जगह नहीं है, मनोज साहू ने विधायक प्रतिनिधि रहते हुए रेणका सिंह के कार्यक्रमों से दूरी बनाई और कई लोगों को भी रोका गया उनकी संलिप्तता विधायक विरोधी गतिविधियों में थी इसीलिए उनके जन्मदिन के पोस्ट को डिलीट किया गया है, उपर से निर्देश था, इसके अलावा यह भी लिखा गया कि जो रेणुका दीदी की बात करेगा वही इस ग्रुप में रहेगा कोई भी विरोधी या विरोधियों के समर्थक इस ग्रुप में नहीं रहेंगे।

## क्या मण्डल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता विधायक के विरोध में आ गए हैं?

वाट्सअप ग्रुप बधाई संदेश को डिलीट करना और मण्डल के मंडल महामंत्री को विरोधी अथवा विरोधी का समर्थक कहना किस ओर इशारा कर रहा यह विचारणीय सवाल है। मुख्य सवाल अभी भी यही है कि मण्डल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता विधायक के विरोधी हो गए है? उससे भी बड़ा सवाल यह है कि यदि वास्तव में विरोधी हो गए हैं तो आखिर यह नौबत क्यों आई? क्या मण्डल के कार्यर्ताओं की जगह बाहरी लोगों को अहमियत दी जा रही है? या फिर सोनहत विकासखण्ड के अहम फैसले सूरजपुर के लोगो के द्वारा लिए जा रहे हैं, क्या सोनहत मण्डल और विकासखण्ड में बाहरी लोगों का हस्तक्षेप ज्यादा बढ़ गया है? बहुत से सवाल क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हुए हैं, बहरहाल जो भी हो पर अब सत्ता और संगठन के बीच मे जो परिस्थितियां हैं वह पूरी तरह साफ दिखाई देने लगी हैं ।

## क्या जन्मदिन का बधाई संदेश भी अब डिलीट करा दिया जाएगा...

क्या सत्ता और संगठन के बीच तालमेल इतना खराब हो चुका है कि अब विधायक समर्थको द्वारा मण्डल महामंत्री के जन्मदिन का बधाई संदेश तक डिलीट करा दिया जाएगा,इस खबर पर चर्चा काफी तेज है और भाजपा कार्यकर्ताओ सहित समर्थकों में इस मामले के बाद से काफी नाराजगी का आलम भी देखा जा रहा है,मण्डल महामंत्री मनोज साहू जनपद सोनहत के विधायक प्रतिनिधि भी हैं ऐसी स्थिति में बधाई संदेश डिलीट होने से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में काफी नाराजगी देखी जा रही है। भीतरी बाहरी का मुद्दा भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में काफी जोर पकड़ रहा है...भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में आजकल भीतरी बाहरी का मुद्दा काफी जोर पकड़ता नजर आ रहा है। भीतरी वह खुद को बता रहे हैं जो इस विधानसभा के मतदाता भी हैं और भाजपा के नेता कार्यकर्ता भी हैं वहीं भीतरी खुद को बता रहे लोग उन्हें बाहरी बताकर विरोध कर रहे हैं जो विधायक के समर्थक तो हैं भाजपा के भी वह कार्यकर्ता नेता हैं लेकिन वह विधानसभा के मतदाता नहीं हैं और वह विधायक की सहमति से क्षेत्र में ठेकेदारी कर रहे हैं। भीतरी बाहरी का मुद्दा आजकल भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में ऐसा छाया हुआ है कि विरोध के स्वर गूंज रहे हैं।

## मामला ठेकेदारी से जुड़ा हुआ,विधायक समर्थक सुरजपुर जिले के लोगों के क्षेत्र में निर्माण कार्यों की स्वीकृति है विरोध की वजह-

बताया जाता है कि विरोध का मामला ठेकेदारी से जुड़ा हुआ है,भरतपुर सोनहत विधानसभा की विधायक के सुरजपुर जिले के समर्थक विधानसभा चुनाव पश्चात से ही विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय हैं और वह काफी निर्माण कार्य कर रहे हैं जो उन्हें स्वीकृत हुआ है,अब क्षेत्रीय लोगों को खासकर भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं को निर्माण कार्य स्वीकृत नहीं हो रहे हैं और यही विरोध की वजह है। सभी निर्माण कार्य प्राप्त करने के लिए आपस में लड़ रहे हैं जबकि सभी भाजपाई हैं।

## संक्षिप्त खेल की खबरें

### ओपनिंग स्पॉट पर टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनने की कोशिश कर रहा हूं:ख्वाजा



**ब्रिजटाउन,24 जून 2025।** वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट से पहले, ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने कहा कि वह ओपनिंग स्पॉट पर टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनने की कोशिश कर रहे हैं।पिछले साल डेविड वार्नर के संन्यास के बाद,ऑस्ट्रेलिया को इस पद के लिए कई खिलाड़ियों को आजमाने के बाद उनका स्थायी प्रतिस्थापन खोजने में संघर्ष करना पड़ा। वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के लिए,19 वर्षीय सैम कोंस्टास को भारत के खिलाफ दो बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट खेलने के बाद शीर्ष पर ख्वाजा के साथ जुड़ने की भूमिका दी गई है।

### गावस्कर और पुजारा ने संजना के माध्यम से कहा...जसप्रीत सभी 5 टेस्ट खेलो



**नई दिल्ली,24 जून 2025।** जब किसी क्रिकेट दिग्गज को मनाने की जरूरत होती है, तो उसे समझाने के लिए उसकी पत्नी से बेहतर कौन हो सकता है? इंग्लैंड में भारत की टेस्ट सीरीज के दौरान जसप्रीत बुमराह को संजना गणेशन का मजेदार संदेश वायरल हो गया है, जो प्रशंसकों को उनकी सबसे बड़ी समर्थक और पिच से बाहर उनके शानदार करियर की याद दिलाता है। आखिरकार,हर महान गेंदबाज के पीछे एक बेहतरीन सपोर्ट सिस्टम होता है,और जसप्रीत बुमराह के मामले में,वह सिस्टम उनकी पत्नी संजना गणेशन हैं। सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट की स्वर्ण पदक विजेता और पूर्व सॉफ्टवेयर इंजीनियर, संजना मिस इंडिया फाइनलिस्ट बनने के बाद मीडिया की ओर मुड़ीं।

### भारत ने महिला एशियाई कप क्वॉलीफिकेशन ओपनर में मंगोलिया को 13-0 से हराया




**चियांग माई,24 जून 2025।** भारत ने चियांग माई स्टेडियम की 700वीं वर्षगांठ पर मंगोलिया के खिलाफ 13-0 की जीत के साथ एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर की शुरुआत की। हाफ-टाइम तक ब्लू टाइग्रेस 4-0 से आगे थी। एएफसी महिला एशियाई कप (फाइनल राउंड और क्वालीफायर) में यह भारत की अब तक की सबसे बड़ी जीत थी। इससे पहले, ब्लू टाइग्रेस ने 1997 और 2005 में गुआम के खिलाफ 10-0 की जीत दर्ज की थी। प्यारी ज़ाक्सा (29%, 45%, 46%, 52%, 55%) ने मैच में पांच गोल किए, जबकि सौम्या गुगुलोथ (20%, 59%) और प्रियदर्शिनी सेलादुरई (73%, 86%) ने दो-दो गोल किए। संगीता बसफोर (8%), रिम्पा हलधर (67%), मालविका (71%) और ग्रेस डांगमेई (75% पी) ने एक-एक गोल किया। भारत ने मैच में शुरुआत में ही अपनी पकड़ मजबूत कर ली थी, बसफोर ने स्कोरिंग की शुरुआत की, जब उन्होंने सौम्या के क्रॉस को नज़दीक से सिर से गोल में डाला। बाद में उन्होंने रिम्पा के क्रॉस पर एक शक्तिशाली वॉली बनाकर भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। उसकी वॉली सीधे ऊपर की ओर उछली और अंदर चली गई।

# डब्ल्यूडब्ल्यूई नाइट ऑफ चैंपियंस 2025 में क्यों नहीं है सैथ रॉलिंग्स का नाम



### क्या है ट्रिपल एच का प्लान

**नई दिल्ली,24 जून 2025।** डब्ल्यूडब्ल्यूई नाइट ऑफ चैंपियंस 2025 सऊदी अरब में होने जा रहा है। यह एक बड़ा इवेंट है। इसमें डब्ल्यूडब्ल्यूई के कई बड़े स्टार्स हिस्सा लेंगे। लेकिन सैथ रॉलिंस इस शो में नहीं होंगे। सैथ रॉलिंस डब्ल्यूडब्ल्यूई के सबसे बड़े स्टार्स में से एक हैं। फिर भी उन्हें इस बड़े शो के लिए बुक नहीं किया गया है। फैंस को यह भी नहीं पता कि वह वहां होंगे भी या नहीं। तो सवाल यह है कि डब्ल्यूडब्ल्यूई के इतने बड़े स्टार इस बड़े इवेंट से क्यों गायब हैं? इसकी कई वजहें हो सकती हैं। ऐसे में आइए ऐसे ही 3 कारणों पर एक नजर डालते हैं।

### सीएम पंक के कारण

### नाइट ऑफ चैंपियंस में पहले ही 6 मैच शामिल

एक और वजह यह भी हो सकती है कि डब्ल्यूडब्ल्यूई नाइट ऑफ चैंपियंस का कार्ड पहले से ही भरा हुआ है। ट्रिपल एच आमतौर पर एक प्रीमियम लाइव इवेंट में चार से छह मैच रखते हैं। नाइट ऑफ चैंपियंस में छह मैच पहले से ही तय हैं। जिसमें असुका बनाम जेड कार्गिल, रिया रिप्ले बनाम राकेल रोड्रिगेज, जॉन सीना बनाम सीएम पंक, सोलो सिकोआ बनाम जैकब फतु, कैरियन क्रॉस बनाम सामी जेन और रैंडी ऑर्टन बनाम कोडी रोड्स का मुकाबला शामिल है। इसलिए सैथ रॉलिंस के लिए शो में कोई जगह नहीं बची है।

### नहीं मिली जगह

एक वजह सीएम पंक और जॉन सीना का मैच हो सकता है। डब्ल्यूडब्ल्यूई नाइट ऑफ चैंपियंस में जॉन सीना अपने वर्ल्ड टाइटल को सीएम पंक के खिलाफ डिफेंड करेंगे। सीएम पंक और सैथ रॉलिंस के बीच पुरानी दुश्मनी है। दोनों एक-दूसरे को बिल्कुल पसंद नहीं करते। अगर दोनों एक ही शो में होंगे तो लड़ाई होना तय है। इसलिए ट्रिपल एच ने शायद दोनों को अलग रखने का फैसला किया। जॉन सीना का शेड्यूल भी काफी व्यस्त रहता है। इसलिए सीएम पंक को शो में रखना ज्यादा जरूरी था।

### रॉलिंस की हो सकती है सरप्राइज एंट्री

सैथ रॉलिंस के पास मनी इन द बैंक ब्रीफकेस भी है। उन्होंने डब्ल्यूडब्ल्यूई मनी इन द बैंक में लैडर मैच जीता था। अब उनके पास वर्ल्ड टाइटल के लिए कभी भी कैश-इन करने का मौका है। हो सकता है कि सैथ रॉलिंस नाइट ऑफ चैंपियंस में सरप्राइज एंट्री करें और अपना ब्रीफकेस कैश-इन करके नए वर्ल्ड चैंपियन बन जाएं।

### डब्ल्यूडब्ल्यूई नाइट ऑफ चैंपियंस में सभी को हैरान कर सकते हैं ट्रिपल एच, ये तीन फैसले हिला देंगे आपका दिमाग

डब्ल्यूडब्ल्यूई का नाइट ऑफ चैंपियंस 2025 रियाद के किंगडम एरिना में होने वाला है। इस पीएलई में छह बड़े मुकाबले होंगे। इसमें क्वीन और किंग ऑफ द रिंग 2025 के फाइनल मैच भी शामिल हैं। डब्ल्यूडब्ल्यूई नाइट ऑफ चैंपियंस 2025 में कुछ बड़े उलटफेर देखने को मिल सकते हैं। ये इवेंट बेहद खास होने वाला है। इस बार कई बड़े मुकाबले होने वाले हैं जिन पर सबकी निगाहें टिकी हैं। ट्रिपल एच के नेतृत्व में डब्ल्यूडब्ल्यूई हमेशा से ही चौंकाने वाले फैसले लेने के लिए जाना जाता है। इस बार भी कुछ ऐसा ही हो सकता है।

1. सबसे पहले बात करते हैं जॉन सीना और सीएम पंक के मैच की। ये दोनों रेसलिंग के दिग्गज एक बार फिर आमने-सामने होंगे। जॉन सीना अपने अनडिस्प्यूटेड डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियनशिप को सीएम पंक के खिलाफ डिफेंड करेंगे। फैंस इस मैच का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लेकिन इस मैच में ट्रेविस स्कॉट खलल डाल सकते हैं। वो पहले भी ऐसा कर चुके हैं। वो सीएम पंक को हराकर जॉन सीना को जिताने में मदद कर सकते हैं।
2. दूसरा बड़ा फैसला गोल्डबर्ग और गुंथर के मैच को लेकर हो सकता है। दोनों के बीच सैटरडे नाइट मेन इवेंट 2025 में मुकाबला होने वाला है। लेकिन उससे पहले गोल्डबर्ग, गुंथर को बुरी तरह हरा सकते हैं। ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि गोल्डबर्ग सऊदी अरब में बहुत लोकप्रिय हैं।
3. तीसरा बड़ा फैसला सैथ रॉलिंस को लेकर हो सकता है। सैथ रॉलिंस ने मनी इन द बैंक 2025 में ब्रीफकेस जीता था। वो कभी भी अपने ब्रीफकेस को कैश-इन कर सकते हैं। उन्होंने सीएम पंक और जॉन सीना के मैच में कैश-इन करने के संकेत दिए हैं। लेकिन ऐसा हो सकता है कि उनका कैश-इन विफल हो जाए। सीएम पंक और सैथ रॉलिंस के बीच दुश्मनी है। इसका फायदा जॉन सीना उठा सकते हैं और अपने खिताब का बचाव कर सकते हैं।

## यशस्वी जायसवाल इस एलिट क्लब में हुए शामिल




### इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में जड़ा था बेहतरीन शतक

**नई दिल्ली,24 जून 2025।** इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैच की सीरीज के पहले मैच में ऋषभ पंत ने दोनों पारियों में बेहतरीन शतक जड़े। लीड्स टेस्ट में भारत की तरफ से पहली बार किसी मैच में 5 शतक लगे हैं। पंत ने तो गर्दा उड़ाया ही, यशस्वी जायसवाल भी पीछे नहीं रहे। भारत की पहली पारी में यशस्वी जायसवाल ने बेहतरीन शतक जड़ा। इंग्लैंड के खिलाफ कम से कम 500 टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाजों में औसत के मामले में वह महान डॉन ब्रेडमैन, स्टीवी डेंप्सर, वॉरेंस रो और जॉर्ज हेडली के एलिट क्लब में शामिल हो चुके हैं।

यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स टेस्ट की पहली पारी में 159 गेंदों में बेहतरीन 101 रन बनाए। उनकी पहली पारी तक के आंकड़े को देखें तो उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा औसत से टेस्ट रन बनाने के मामले में सर जॉन ब्रेडमैन का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। तब इंग्लैंड के खिलाफ यशस्वी का औसत 90.33 का था, जबकि ब्रेडमैन का औसत 89.78 का है। हालांकि, दूसरी पारी में यशस्वी सिर्फ 4 रन बनाकर आउट हो गए। इससे उनका इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में औसत गिरकर 81.70 हो गया।

सर डॉन ब्रेडमैन-89.78 की औसत- 5,028 टेस्ट रन
स्टीवी डेंपस्टर- 88.42 की औसत- 619 टेस्ट रन
यशस्वी जायसवाल- 81.70 की औसत- 817 टेस्ट रन
लॉरेंस रो- 74.20 की औसत- 742 टेस्ट रन
जॉर्ज हेडली-71.23 की औसत- 1852 टेस्ट रन

## जय शाह को लेकर ये क्या बोल गए सौरव गांगुली

**नई दिल्ली,24 जून 2025।** सौरव गांगुली ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में अपने घटनाप्रधान कार्यकाल को याद करते हुए जय शाह की तारीफ की है। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान ने खुलासा किया कि उन्हें बोर्ड के तत्कालीन सचिव और वर्तमान में आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह से एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन की उम्मीद थी लेकिन वह उनकी ईमानदारी और चीजों को व्यवस्थित करने के तरीके से प्रभावित थे। गांगुली और साह अक्टूबर 2019 से सितंबर 2022 तक दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड में एक साथ पदाधिकारी रहे थे। ये कोविड-19 महामारी का दौर था जिसके कारण कुछ महीनों के लिए खेल गतिविधियां ठप्प पड़ गई थीं। गांगुली ने कोलकाता में अपने आवास पर पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा कि, उनका (जय शाह) काम करने का अपना तरीका था लेकिन उनके बारे में सबसे अच्छी बात ये थी कि वह भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए चीजों को सही तरह से व्यवस्थित करना चाहते थे। पूर्व कप्तान ने शाह के गृह मंत्री अमित साह के बेटे होने के संदर्भ में कहा कि, देखिए उनके पास ताकत थी, समर्थन था,इसलिए आप उनसे एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन की उम्मीद करते थे लेकिन उन्होंने भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए काफी कुछ किया।



## हम पहला टेस्ट जीतेंगे;केएल राहुल आश्वस्त

**नई दिल्ली,24 जून 2025।** भारतीय टीम के कप्तान केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ पहला टेस्ट मैच जीतने को लेकर आश्वस्त हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स में पहला टेस्ट मैच चल रहा है। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने अपनी पहली पारी में 471 रन बनाए और ऑलआउट हो गई, जबकि इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 465 रन बनाए। इसके साथ ही भारत ने इंग्लैंड पर 6 रन की बढ़त ले ली। दूसरी पारी में 6 रन की बढ़त के साथ 364 रन पर आउट होने वाले भारत ने इंग्लैंड को जीत के लिए 371 रन का लक्ष्य दिया। चौथे दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 21 रन बना लिए थे। अंतिम दिन इंग्लैंड को जीत के लिए 350 रन और भारत को 10 विकेट की जरूरत थी।





## 300 फिल्मों का खौफनाक विलेन,5 शादियों के बाद भी अकेलेपन ने नहीं छोड़ा पीछा, मौत के बाद सड़ी लाश ले गई विदेशी पत्नी

बॉलीवुड को यूं ही 'मायानगरी' नहीं कहा जाता, यहां किस्मत हर पल करवट लेती है। कोई रातोंरात सुपरस्टार बन जाता है तो कोई चमकते करियर के बाद गुमनामी के अंधेरे में खो जाता है। कुछ सितारे अपने संघर्षों के बाद फिर से उभरते हैं, जबकि कुछ को ताउम्र वापसी का मौका नहीं मिलता।

आज हम आपको ऐसे ही एक अभिनेता की कहानी सुना रहे हैं, जिसने 90 के दशक में खूब नाम कमाया, लेकिन अंत में अकेलेपन और तिरस्कार के बीच दम तोड़ दिया।

यह कहानी है अभिनेता महेश आनंद की। महेश आनंद एक दौर में हिंदी फिल्मों के सबसे चर्चित खलनायकों में गिने जाते थे। वह एक प्रशिक्षित मार्शल आर्टिस्ट और शानदार डांसर थे। 1984 में कमल हासन और रीना रॉय की फिल्म 'करिश्मा' से उन्होंने बॉलीवुड में कदम रखा और फिर देखते ही देखते वह शहंशाह, तूफान, अजूबा, स्वर्ग, क्रांतिवीर, कुली नंबर 1, वक्त हमारा है जैसी कई हिट फिल्मों का हिस्सा बने। उन्होंने अमिताभ बच्चन, गोविंदा, अक्षय कुमार, संजय दत्त और सुनील शेट्टी जैसे दिग्गजों के साथ स्क्रीन शेयर की। 2000 के बाद उनका करियर अचानक गिरावट की ओर जाने लगा। एक फिल्म के सेट पर स्टंट करते समय उन्हें गंभीर चोट लगी, जिसके चलते उन्हें छह महीने अस्पताल में रहना पड़ा और फिर तीन साल तक बिस्तर पर। इस दौरान उनके पास काम नहीं था, और फिल्म इंडस्ट्री से धीरे-धीरे उनका नाम मिटता चला गया। करियर खत्म होने के बाद महेश आनंद को 18 साल तक किसी फिल्म में काम नहीं मिला। सोशल मीडिया पर उन्होंने खुद अपनी हालत बयां करते हुए लिखा था, मैंने 300 से ज्यादा फिल्में की हैं, लेकिन अब मेरे पास पीने के पानी के लिए भी पैसे नहीं हैं। मेरे दोस्त मुझे शराबी कहते हैं। मेरा कोई परिवार नहीं है। मेरे सौतेले भाई ने 6 करोड़ ठग लिए। इस दुनिया में मेरा एक भी दोस्त नहीं है।

उनकी ये बात सुनकर किसी का भी दिल पिघल सकता है। महेश आनंद का निजी जीवन भी काफी उथल-पुथल भरा रहा। उन्होंने पांच बार शादी की, लेकिन कोई भी रिश्ता लंबा नहीं चला। पहली पत्नी थीं रीना रॉय की बहन बरखा रॉय, दूसरी शादी हुई मिस इंडिया इंटरनेशनल एरिका मारिया डिसूजा से जिनसे उनका एक बेटा त्रिशूल है। महेश आनंद की तीसरी पत्नी थीं अभिनेत्री मधु मल्होत्रा, चौथी बार शादी की टीवी एक्ट्रेस उषा बच्चानी से और पांचवी पत्नी थीं एक रूसी महिला लाना। दुर्भाग्यवश, इन सभी रिश्तों ने उन्हें अंत में अकेलापन ही दिया। महेश आनंद अपनी आखिरी सांस तक अपने बेटे त्रिशूल को गले लगाना चाहते थे, लेकिन यह ख्वाहिश अधूरी रह गई। 9 फरवरी 2019 को वे अपने मुंबई स्थित घर में मृत पाए गए। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार उनका शव तीन दिनों तक घर में ही पड़ा रहा था, जिससे वह सड़ने लगा था। जब किसी ने खबर दी, तब उनकी पांचवीं पत्नी रूस से भारत आई और उनका अंतिम संस्कार किया। महेश आनंद की कहानी एक दर्दनाक हकीकत है, जो दिखाती है कि शोहरत की ऊंचाइयों पर पहुंचने के बाद भी इंसान अगर अकेला रह जाए तो उसकी जिंदगी कितनी त्रासदीपूर्ण हो सकती है। उनका जीवन एक सबक है कि सफलता और नाम के पीछे भागते इस जगत में रिश्तों की अहमियत सबसे ऊपर है।



## थ्रोबैक पोस्ट के साथ मनाया जुग जुग जीयो के 3 साल का जश्न

जुग जुग जियो तीन साल पहले सिनेमाघरों में आई थी, जिसमें हास्य और दिल को छू लेने वाली भावनाओं के साथ पारिवारिक ड्रामा की कहानी थी। जैसा कि फिल्म अपनी तीसरी वर्षगांठ मना रही है, मुख्य अभिनेता वरुण धवन इस फिल्म से मिली हंसी, प्यार और सीखों को याद करने के लिए कुछ पल निकालते हैं। सोशल मीडिया पर, धवन ने धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा मूल रूप से पोस्ट की गई फिल्म का एक टीज़र साझा किया। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर क्लिप साझा करते हुए, स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर अभिनेता ने लिखा,जेजेजे के 3 साल। प्यार और ढेर सारी हंसी से भरी यात्रा।÷ क्लिप में साथी सितारों कियारा आडवाणी और अनिल कपूर के साथ धवन के दिल को छू लेने वाले और हास्यपूर्ण पल दिखाए गए हैं। एक अन्य इंस्टाग्राम स्टोरी में, अभिनेता ने अपनी सह-कलाकार कियारा आडवाणी की कहानी को फिर से पोस्ट किया, जिसमें फिल्म के लिए अमूल की श्रद्धांजलि थी। तस्वीर साझा करते हुए, अभिनेत्री ने लिखा, इस रत्न के 3 साल। सबसे अच्छा गिरोह, सबसे मजेदार समय, जुग जुग जियो। राज मेहता द्वारा निर्देशित, जुग जुग जियो अपने विवाह में समस्याओं का सामना कर रहे दो जोड़ों के लेंस के माध्यम से पारिवारिक गतिशीलता के विषयों की खोज करती है। एक तरफ़, कुकू (वरुण धवन द्वारा अभिनीत) और नैना (कियारा आडवाणी द्वारा अभिनीत) नामक युवा जोड़ा है, जो अपनी शादी में मुश्किल दौर से गुज़र रहे हैं। दूसरी तरफ़, कुकू के माता-पिता भीम (अनिल कपूर द्वारा अभिनीत) और गीता (नीतू कपूर द्वारा अभिनीत) हैं, जो तलाक के कगार पर हैं। कथानक उनकी शादियों की रूपरेखा प्रस्तुत करता है और आधुनिक रिश्तों, सामाजिक अपेक्षाओं और पारिवारिक नाटक की जटिलताओं में डूब जाता है। वरुण धवन ने इस फ़ल्मि में प्रभावशाली अभिनय किया है। उन्होंने पारिवारिक मुद्दों और व्यक्तिगत असुरक्षाओं से जूझने वाले जटिल किरदारों को बखूबी निभाने की अपनी क्षमता साबित की।





## अक्षरधामः ऑपरेशन वज्र शक्ति से अक्षय खन्ना की पहली झलक जारी

अक्षय खन्ना पिछली बार फिल्म छावा में नजर आए थे,जिसमें उन्होंने औरंगजेब की भूमिका निभाई थी। फिल्म में उनके काम को काफी पसंद किया गया था, वहीं बॉक्स ऑफिस पर भी इस फिल्म ने खूब धमाल मचाया। अब अक्षय जल्द ही फिल्म अक्षरधाम ऑपरेशन वज्र शक्ति में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान केन घोष ने संभाली है। अब अक्षरधाम- ऑपरेशन वज्र शक्ति से अक्षय से पहली झलक सामने आ गई है, जिसमें उनका धाकड़ अवतार दिख रहा है। पोस्टर में अक्षय को हाथ में बंदूक लिए हुए देखा जा सकता है। फिल्म में वह राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के अधिकारी मेजर हनुत सिंह की भूमिका निभा रहे हैं। अक्षय के अलावा इस फिल्म में गौतम रोडे, विवेक दहिया, अक्षय ओबेरॉय और अभिलाष चौधरी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। अक्षरधामः ऑपरेशन वज्र शक्ति का ट्रेलर 24 जून को रिलीज किया जाएगा, वहीं यह फिल्म 4 जुलाई, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।

# कांग्रेस में वसूलीबाज कौन...?

## किस पर भड़के सचिन पायलट,मोर्चा प्रकोष्ठ अध्यक्षों की बैठक में बवाल



रायपुर,24 जून 2025 (ए)। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस अध्यक्ष की रैली को लेकर मोर्चा प्रकोष्ठ अध्यक्षों की बैठक में पार्टी के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा पर भड़क उठे। पायलट की नाराजगी यहां तक पहुंची कि उन्होंने भरी मीटिंग में युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा को 'वसूलीबाज' कह दिया है।

जानकारी के अनुसार बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के रैली में शामिल होने के लिए लोगों को लाने का टार्गेट दिया जा रहा था। इस पर जब आकाश शर्मा से पूछा गया तो उन्होंने पहले तो हजार से 15 सौ लोगों को लाने की बात कही। लेकिन, बीच में उन्होंने यह कहा कि अगर पार्टी संसाधन मुहैया करा दे तो वे और भी लोगों को ला सकते हैं। संसाधन की बात उठाने पर सचिन पायलट आकाश शर्मा पर भड़क गए और कहा, 'जब पार्टी आपको टिकट दे रही थी, तो क्या आपसे पैसे मांगे गए थे। नहीं न, तो फिर आप संसाधन क्यों मांग रहे हो। आप लोग सक्षम लोग हो और मैंने तो यहां तक सुना है कि सबसे ज्यादा वसूली तुम्हीं करते हो। ऐसे में आप संसाधन खुद जुटा सकते हो।

### वो हमारे अभिभावक :आकाश शर्मा

बताया जा रहा है कि इस बीच सचिन आकाश शर्मा से इतना नाराज हो गए कि उन्होंने दीपक बैज से यहां तक कह दिया, आप इनको कह देना कि कोई भीड़ न लाएं। इन्हें मंच में भी बैठने नहीं दिया जाएगा। इस विवाद की खबर जब बाहर तक आई तो युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने सफाई देते हुए कहा वो हमारे अभिभावक है और उनकी डांट को हम सकारात्मक रूप से लेते हैं।

### नक्सल हिंसा में शहीद पुलिस सेवकों के आश्रित परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति के लिए कैबिनेट का फैसला जीएडी ने किया अधिसूचित

सामान्य प्रशासन विभाग ने नक्सल हिंसा में शहीद पुलिस सेवकों के आश्रित परिजनों को उनकी मांग पर पुलिस के अलावा अन्य विभाग में अनुकंपा नियुक्ति देने संबंधी कैबिनेट के निर्णय को अधिसूचित कर दिया है। कैबिनेट ने यह निर्णय 18 जून की बैठक में लिया था।

# शहीद एएसपी आकाश गिरपुंजे के परिजनों से मिले सचिन पायलट

## आतंकवाद और नक्सलवाद से सख्ती से निपटना होगा



नक्सली हमले में शहीद हुए एएसपी आकाश गिरपुंजे के परिजनों से मिलने कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट पहुंचे। उन्होंने शोकग्रस्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और भरोसा दिलाया कि राज्य और केंद्र सरकारों की ओर से हर संभव सहायता की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भी हर तरह से परिवार के साथ खड़ी है।अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान पायलट के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत भी मौजूद रहे। इस मौके पर पायलट ने कहा कि ऐसे नक्सली हमले समाज में भय का माहौल पैदा करते हैं और इन पर सख्त रोक लगानी होगी। उन्होंने कहा कि शहीद आकाश गिरपुंजे की बहादुरी पर पूरे देश को गर्व है। सचिन पायलट ने दो टूक कहा कि आतंकवाद और नक्सलवाद जैसे विचारों का समाज में कोई स्थान नहीं है और इनसे सख्ती से निपटना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि जो भी देशविरोधी ताकतें हैं,उन्हें हर हाल में पराजित करना होगा।उन्होंने यह संदेश दिया कि समाज को हिंसा की नहीं,बल्कि शांति और एकता की जरूरत है। शहीद गिरपुंजे ने अपनी ड्यूटी निभाते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

# सचिन पायलट ने कई मुद्दों को लेकर भाजपा पर साधा निशाना




### 7 जुलाई को खोलेंगे साय सरकार की पोल

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव,नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज भी मौजूद रहे। सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा ने जिन मुद्दों को लेकर जनता से वोट मांगे थे और सरकार बनाई थी,वो सारे मुद्दे अब भुला दिए गए हैं। भाजपा अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए केंद्रीय मंत्रियों को बुलाकर अपनी पीठ थपथपा रही है। साथ ही यह भी कहा कि 7 जुलाई की जनसभा में साय सरकार की पोल खोलेंगे। मीडिया से चर्चा के दौरान सचिन पायलट ने राज्य में खाद की भारी कमी और किसानों की परेशानी को प्रमुख मुद्दा बताया। उन्होंने कहा डीएपी खाद किसानों को उपलब्ध नहीं है, एनपीए खाद की गुणवत्ता खराब है और उसकी आपूर्ति भी कम हो रही है। इससे किसान बुरी तरह परेशान हैं। पायलट ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा सरकार आई है, राजधानी रायपुर में अब तक छह बार गोली चलने की घटनाएं हो चुकी हैं। प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति चिंताजनक है। इस सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा सरकार प्रतिशोध की भावना से कांग्रेस की योजनाओं को बंद कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को केंद्र और राज्य सरकार मिलकर प्रताड़ित कर रही हैं। वरिष्ठ नेताओं को टारगेट किया जा रहा है, लेकिन पूरी कांग्रेस पार्टी एकजुट होकर इसका विरोध करेगी। पायलट ने एलान किया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे 7 जुलाई को रायपुर आएंगे। साइंस कॉलेज मैदान में 'किसान, जवान, संविधान' के नाम से बड़ी जनसभा आयोजित की जाएगी।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### राशन दुकानदारों के हड़ताल पर चले जाने से उपभोक्ता परेशान




रायपुर,24 जून 2025(ए)। छत्तीसगढ़ राशन दुकानदार संघ एवं विक्रेता कल्याण संघ द्वारा आज विभिन्न मांगों को लेकर राशन दुकानदार हड़ताल पर चले गये जिसके कारण उपभोक्ताओं को काफी परेशानी हुई।

### जामा मस्जिद में सामाजिक बैठक के दौरान हुई मारपीट,एफआईआर दर्ज



कोरबा,24 जून 2025(ए)। जिले के पुरानी बस्ती स्थित जामा मस्जिद में सामाजिक बैठक के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया। 22 जून की रात साढ़े 9 बजे बैठक हो रही थी। तभी बहस बढ़ी और और लोग मारपीट पर उतर आए। इसका सीसीटीव्ही भी सामने आया है। मामला कटघोरा थाना क्षेत्र का है। लईक मोहम्मद ने कटघोरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद रागिब, मोहम्मद राशिद, अब्दुल्ला और शेख सरफराज पर मारपीट का आरोप लगाया है। साथ ही जान से मारने की धमकी देने की भी शिकायत की है। लईक मोहम्मद के मुताबिक, डॉक्टर शेख इश्तियाक के परिवार के लोगों ने मिलकर उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की।

### 5.53 करोड़ की ठगी में बड़ी कार्रवाई



#### बीएन गोल्ड रियल एस्टेट कंपनी के दो निदेशक गिरफ्तार,पुलिस ने मध्यप्रदेश से दबोचा

मुंगेली,24 जून 2025(ए)। निवेश के नाम पर 5.53 करोड़ की निवेश धोखाधड़ी के मामले में बीएन गोल्ड रियल एस्टेट एंड एलाइड लिमिटेड कंपनी के दो निदेशकों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि आरोपी चरण सिंह ठाकुर और विक्रम सिंह सोनालिया आठ साल से फरार चल रहे थे, जिसे मध्यप्रदेश के सिहोर जिले से पकड़ा गया है।फिलहाल मामले में अन्य आरोपियों की भी तलाशी की जा रही है। दोनों आरोपियों पूछताछ में कबूल किया कि वे कंपनी के डायरेक्टर थे। उन्होंने निवेशकों से करीब 5 करोड़ 53 लाख 22 हजार 722 रुपए की धोखाधड़ी की है।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने काशी में बाबा काल भैरव के किए दर्शन



### प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की

वाराणसी/रायपुर,24 जून 2025(ए)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को वाराणसी स्थित बाबा काल भैरव मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, देश की शांति और जनकल्याण के लिए बाबा काल भैरव से आशीर्वाद मांगा। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि काशी के कोतवाल माने जाने वाले बाबा भैरवनाथ की कृपा देशवासियों पर बनी रहे, यही मेरी कामना है। उन्होंने प्रार्थना की कि देश के नागरिकों के जीवन में सुरक्षा,विकास और कल्याण की भावना निरंतर बनी रहे।मुख्यमंत्री साय ने विशेष रूप से छत्तीसगढ़ की शांति, तरक्की और जनहित में सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि बाबा भैरव का आशीर्वाद लेकर वे प्रदेश को सुशासन और समृद्धि की ओर आगे ले जाने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि ईश्वर की कृपा से छत्तीसगढ़ सहित संपूर्ण देश में विकास और सुशासन की दिशा में ठोस प्रगति होगी।

## राज्य ओपन स्कूल की परीक्षाएं 18 अगस्त से




रायपुर,24 जून 2025(ए)। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर में अगस्त सितंबर 2025 सत्र की कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षाओं के लिए समय सारिणी घोषित कर दी है। निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार उक्त परीक्षाएं 18 अगस्त से शुरू होकर 3 सितंबर को समाप्त होंगी। दसवीं की परीक्षा 18 अगस्त से 1 सितंबर तक एवं बारहवीं की परीक्षा 18अगस्त से 3 सितंबर तक चलेंगी। परीक्षाएं सुबह 8.30 बजे से 11.45 बजे तक एक ही पाली में आयोजित की गई है। परीक्षा की जानकारी समीपवर्ती अध्ययन केंद्र से अभ्यर्थी प्राप्त कर सकते हैं।

## नाबालिग को हत्या के प्रयास के जुर्म में उम्रकैद की सजा देना गलत



### हाईकोर्ट ने रद्द की सजा, अदालत ने की टिप्पणी ,हत्या का प्रयास गंभीर जरूर है,पर जघन्य अपराध नहीं

बिलासपुर,24 जून 2025 (ए)। कोरबा जिले के एक 17 साल के किशोर को हत्या के प्रयास (धारा 307) में वयस्क मानकर उम्रकैद की सजा दी गई थी। अब छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने निचली अदालत के इस फैसले को गलत करार देते हुए सजा को निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने साफ कहा है कि धारा 307 (हत्या का प्रयास) गंभीर अपराध तो है, लेकिन जघन्य अपराध की श्रेणी में नहीं आता, क्योंकि इसमें न्यूनतम 7 साल की सजा अनिवार्य नहीं है।



## हाईटेक लूटकांड का पुलिस ने किया खुलासा

### पीडित का करीबी दोस्त ही निकला मास्टरमाइंड

राजनांदगांव,24 जून 2025(ए)। जिले के डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र में हुए एक लूट के मामले में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। जिस पीड़ित असगर खान ने पुलिस में लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, उसी का साथी नकीब खान ही लूटकांड का मास्टरमाइंड निकला। मजे की बात यह है कि नकीब खान मौका-ए-वारदात पर मौजूद था और वही बहाने से दोस्त को लूट वाली जगह पर ले गया था।

# मेरे पति की पुलिस हिरासत में हुई मौत

## मामले को दबाने के लिए उच्चस्तरीय प्रयास जारी -दुर्गा कठौलिया



रायपुर,24 जून 2025(ए)। स्व. दुर्गेन्द्र कठौलिया ग्राम भंवरमरा थाना बसंतपुर, तहसील एवं जिला राजनांदगांव का स्थायी निवासी था। वह किसानों से धान खरीदी का लेनदेन करता था। थाना अर्जुनी जिला धमतरी प्रभारी शत्री दुबे ने पदनाभपुर दुर्ग स्थित डी मार्ट से 29 मार्च को उन्हें शाम 5 बजे बिना किसी सबूत के अपनी अभिरक्षा में लिया। पत्नी एवं बच्ची द्वारा विरोध करने पर भी दुबे द्वारा परिवार के सदस्यों से दुर्व्यवहार किया गया। उक्त आरोप थाना प्रभारी दुबे एवं पुलिस अधीक्षक धमतरी पर लगाते हुए मृतक की पत्नी दुर्गा कठौलिया ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि उनके पति की 30 मार्च को पुलिस अभिरक्षा में नृशंसतापूर्वक मारपीट के उपरांत हत्या की गई है। उक्त मामले को लेकर वार्ताकार के अधिवक्ता मौली तिवारी राजनांदगांव ने बताया कि इस मामले को लेकर सीजेएम धमतरी से शिकायत करने पर उक्त लाश का पोस्टमार्टम परिवारजनों एवं उनके उपस्थिति में किया गया जिसमें शरीर में 32 स्थानों पर सांघातिक चोट के निशान पाये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा इस मामले में शत्री दुबे एवं 11 आरक्षकों को निलंबित कर दिया गया है और सीजेएम के आदेश के बावजूद भी विभागीय जांच का बहाना बनाकर मामले को टाला जा रहा है। इस संबंध में तिवारी ने छग हाईकोर्ट में याचिका दायर करने का उल्लेख करते हुए बताया कि मामला संदिग्ध है और उक्त मृत्यु पुलिस हिरासत में हुई है। अतएव उक्त मामले में परिवार छग शासन से तीन मांग करता है यथा मृतक के परिवारजनों को शासन एक करोड़ का मुआवजा दे, घटना में शामिल समस्त पुलिस अधिकारियों पर धारा 302 के आधार पर मामला दर्ज हो एवं मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी दी जाए। पत्रकारवार्ता में दुर्गा कठौलिया ने बताया कि उनके पति का धान की खरीदी को लेकर लेनदेन होता रहता था। धमतरी क्षेत्र के किसानों का लगभग 15 लाख रुपये दिया जाना था किंतु पुलिस प्रशासन द्वारा बिना किसी रिपोर्ट के उनके घर में घुसकर स्वर्गीय पति के साथ मारपीट की गई। दो लाइसेंस शुदा हथियार भी जब्त किये गये। सामान भी ले गये एवं उक्त कार्रवाई के दौरान टीआई शत्री दुबे के पास सर्च वारंट नहीं था।

## पीएससी की तैयारी कर रहे युवक और युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



बिलासपुर,24 जून 2025(ए)। जिले में पीएससी (छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग) की तैयारी कर रहे दो छात्रों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने इलाके में सनसनी फैला दी है। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के एक निजी हॉस्टल में युवक की लाश बंद कमरे में मिली, जबकि सीपत थाना क्षेत्र में एक युवती का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ पाया गया। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### हॉस्टल में मिली युवक की लाश

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के गोलू गुप्ता हॉस्टल में रहकर पीएससी की तैयारी कर रहे सूरजपुर निवासी 32 वर्षीय अमर प्रताप सिंह का शव मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में उनके कमरे में बिस्तर पर मिला। बताया जा रहा है कि रविवार के बाद से पड़ोसियों ने उन्हें नहीं देखा था। चिंतित साथी छात्रों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर कमरे में प्रवेश किया, जहां अमर प्रताप सिंह की लाश मिली। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मृतक के परिजनों को सूचित किया। अमर प्रताप सिंह शादीशुदा थे और उनका एक बच्चा भी है। मौत के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है, और पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

### युवती ने फांसी लगाकर दी जान

दूसरी घटना सीपत थाना क्षेत्र के नहरपारा की है, जहां पीएससी की तैयारी कर रही वीलिना सत्यार्थी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वीलिना, सेवानिवृत्त बांगो परियोजना लेखापाल बीआर सत्यार्थी की सबसे छोटी बेटी थी। जानकारी के अनुसार, सोमवार को बीआर सत्यार्थी का परिवार बिलासपुर घूमने आया था और रात को अपने गांव लौट गया। घर पहुंचने के बाद वीलिना अपने कमरे में चली गई। कुछ देर बाद परिजनों ने उसे खाना खाने के लिए बुलाया,लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। कमरे में जाकर देखा तो वीलिना फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। परिजनों ने उसे तुरंत फंदे से उतारकर बिलासपुर के सिम्स अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मामले को जांच में लिया है।

## सूटकेस में मिली लाश की हुई पहचान

### दो आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार...




रायपुर,24 जून 2025(ए)। राजधानी रायपुर के डीडी नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में ट्रंक में युवक की लाश मिलने के मामले में पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने मृतक की पहचान किशोर पैकरा के रूप में हुई है और हत्या के आरोप में दो संदिग्धों, अंकित उपाध्याय और शिवानी उपाध्याय, को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है।पुलिस जांच में सामने आया कि हत्या का कारण पैसे का लेनदेन था। सूत्रों के अनुसार, आरोपी अंकित उपाध्याय, जो पेशे से वकील है, ने किशोर पैकरा की हत्या की। मृतक का शव एक स्टील के ट्रंक में सूटकेस के अंदर सीमेंट डालकर सुनसान इलाके में फेंक दिया गया था। शव चार से पांच दिन पुराना बताया जा रहा है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)